दैनिक

# किस्मत भीलवाड़ा

Email. kismatbhilwara8888@gmail.com | वर्ष 3 अंक-51 | भीलवाड़ा शनिवार 02 अगस्त 2025 | मूल्य- 2 रूपये | REGN.NO .RAJHIN/2023/87379



आवश्यकता है

राजस्थान के भीलवाड़ा से प्रकाशित सबसे तेज समाचार पत्र दैनिक किस्मत भीलवाड़ा को तहसील और जिला स्तर पर महिला/पुरुष संवाददाताओं की आवश्यकता है।

संपर्क करें

दैनिक किस्मत भीलवाड़ा

मो. 9214445401, 8233210027, 9828402526, 6376577605


## हिंसक झड़प के बाद आगजनी, तोड़फोड़ और पुलिस ने किया लाठीचार्ज

### पुणे में आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट के बाद बवाल

एजेंसी ▶▶ पुणे

महाराष्ट्र के पुणे जिले के दौंड तालुका के यवत गांव में एक युवक की कथित आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट के कारण तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। गांव में एक सप्ताह पहले ही एक घटना हो चुकी थी, इसलिए वहां पहले से ही माहौल तनावपूर्ण था। पुलिस ने बताया कि गांव के लोग सड़कों पर उतर आए और कुछ युवाओं ने एक इमारत को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। इस घटना में किसी के भी घायल होने की खबर नहीं है। पुलिस की टीम क्षेत्र में मौजूद है और स्थिति पर नजर रखे हुए है। पुणे एसपी संदीप सिंह गिल ने बताया कि यहां यवत गांव में दोपहर करीब 12:30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक ने अपने व्हाट्सएप/फेसबुक पर एक आपत्तिजनक स्टेटस पोस्ट किया है। शिकायत के बाद युवक को थाना लाया गया। गांव के प्रतिनिधियों के साथ बैठक शुरू की।

### दौंड तालुका के यवत गांव में भारी पुलिस बल तैनात, युवक हिरासत में





**पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे**

दो समूहों के बीच झड़प के बाद पुलिस को कानून-व्यवस्था बहाल करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। पोस्ट अपलोड करने वाले युवक को हिरासत में ले लिया गया है।

**लोग सड़कों पर उतरे पुलिस ने संभाला मोर्चा**

एसपी ने बताया कि गांव के लोग सड़कों पर उतर आए और कुछ युवाओं ने एक इमारत में तोड़फोड़ का प्रयास किया। हालांकि, घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। पुलिस प्रशासन ने मोर्चा संभाल लिया है और गांव में गश्त की जा रही है। स्थिति अभी शांतिपूर्ण है। उन्होंने अफवाह फैलाने वालों को चेतावनी भी दी।

### समुदाय विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट से तनाव बढ़ा

यवत इलाके में सांप्रदायिक तनाव की स्थिति पैदा हो गई है। एक समुदाय विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट के बाद तनाव बढ़ गया। पोस्ट के खिलाफ आक्रोश में आकर लोगों ने कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। 26 जुलाई को यवत के नीलकंठेश्वर मंदिर में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ की घटना हुई थी। इसी को लेकर शुक्रवार को विरोध-प्रदर्शन हो रहा था। इस दौरान दो पक्षों में टकराव हुआ और तनाव की स्थिति बन गई।

#### दोनों गुटों की तरफ से पथराव

भाजपा विधायक गोपीचंद पडलकर ने गुरुवार को एक जनसभा भी की और उस समय तक हालात नियंत्रण में रहे,लेकिन आज बवाल तब हुआ, जब विशेष समुदाय से जुड़े एक युवक ने उस घटना का वॉट्सएप स्टेटस लगाया।

#### प्रदर्शनकारियों ने धार्मिक स्थल पर की तोड़फोड़

एसपी ने कहा कि लड़के को पुलिस स्टेशन लाया गया। कुछ गांव के लोग भी वहां पहुंच गए। एक सप्ताह पहले एक घटना घटी थी, इसलिए यहां स्थिति पहले से ही तनावपूर्ण थी। ग्रामीण सड़कों पर उतर आए और कुछ युवकों ने एक ढांचे में तोड़फोड़ करने का प्रयास किया।


#### सीएम बोले: दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

इस घटना के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि गड़बड़ी फैलाने वालों पर सख्त कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि एक शख्स ने बहुत ही आपत्तिजनक स्टेटस लगाया था। हंगामे की वजह से पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा है।

---


## खबर संक्षेप

### हाईकोर्ट ने खारिज की कंगना रनौत की मांग



**चंडीगढ़।** बॉलीवुड अभिनेत्री व हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। रनौत की तरफ से दायर उस याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने बठिंडा की अदालत में आपराधिक मानहानि की शिकायत को रद्द करने की मांग की थी।

### मैनपुरी में हादसा,परिवार के 5 लोग नहीं रहे



**मैनपुरी।** जिले के बेवर थाना क्षेत्र के जीटी रोड हाईवे पर ग्राम नगला ताल के पास एक भीषण सड़क हादसे में कार सवार 5लोगों की मौत हो गई, जबकि एक बच्ची घायल है। जीटी रोड हाईवे पर आवागमन करीब एक घंटे तक बंद रहा। छिबरामऊ जा रही कार अचानक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर पार करते हुए कानपुर-आगरा लेन में पहुंच गई।

### मंत्री का विभाग बदलने से साख नहीं बचेगी



**मुंबई।** शिवसेना (उबाठा) नेता संजय राउत ने कहा कि किसी मंत्री का विभाग बदलने से महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली 'महायुति' सरकार की छवि नहीं सुधरेगी और मंत्रिमंडल के सभी 'दागी' सदस्यों को जाना होगा। राउत की टिप्पणी मंत्री माणिकराव कोकाटे के कृषि मंत्रालय से खेल एवं युवा कल्याण विभाग में जाने के बाद आई है।

### अलीगढ़ में 8 बच्चों की तबीयत बिगड़ी



**अलीगढ़।** अतरौली में नरौना गांव में आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों ने चूरन समझ कर गेहूं में डालने वाली दवा खा ली। इससे उनकी तबीयत बिगड़ गई। रसोइया ने जब बदबू आयी तो उन्हें शक हुआ। कंपोजिट विद्यालय की प्राध्यापक को जानकारी दी। गांव में लोगों को बताकर एंबुलेंस से आठ बच्चों को अतरौली सीएचसी लेकर गए।

### वाराणसी-बरेली का पावर फेल, मार्ग बाधित रहा



**हरदोई।** वाराणसी बरेली वाराणसी एक्सप्रेस का पावर फेल हो जाने से लखनऊ मुरादाबाद रेल मार्ग करीब एक घंटे बाधित रहा। दूसरे इंजन को लगाकर ट्रेन को आगे हरदोई की और रवाना किया गया। इस दौरान पीछे से आ रही तीन ट्रेनें भी प्रभावित हो गईं। 14235 अप एक्सप्रेस में सुबह 8:33 पर ईंधन में तकनीकी खराबी आ गई।

---

## राहुल के आरोपों पर चुनाव आयोग ने अधिकारियों को दिया निर्देश

# राहुल : मेरे पास एटम बम है, छोड़ूंगा नहीं
# आयोग : ये बे-सिर पैर की बातें, ध्यान न दें

**पारदर्शी-भरोसेमंद चुनाव के लिए उठाए जा रहे जरूरी कदम**

*◆ पारदर्शिता के साथ अपना काम करते रहें*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'वोट चोरी' वाले बयान पर चुनाव आयोग (ईसी) ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। आयोग ने सभी चुनाव अधिकारियों से कहा है कि वे ऐसे 'गैर-जिम्मेदाराना और निराधार' बयानों पर ध्यान न दें और पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ अपना काम करते रहें। चुनाव आयोग ने कहा कि इस तरह के आरोप आजकल रोजाना लगाए जाते हैं और इनका कोई ठोस आधार नहीं होता।

अधिकारियों को चाहिए कि वे इन बयानों से प्रभावित हुए बिना, ईमानदारी से चुनाव प्रक्रिया को अंजाम दें। चुनाव आयोग ने यह भी कहा कि चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और भरोसेमंद बनाए रखने के लिए वह लगातार निगरानी कर रहा है और जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। बता दें कि हाल ही में राहुल गांधी ने कहा था कि भारत में वोट की चोरी हो रही है और चुनाव प्रक्रिया पर लोगों का भरोसा कम हुआ है। इसी के जवाब में चुनाव आयोग ने यह बयान जारी किया है।

#### चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया

**ईसी ने सभी आरोपों को नकारा**

- आयोग ने 12 जून 2025 को राहुल को इस मामले पर मेल भेजा, लेकिन वे उपस्थित नहीं हुए।
- इसी दिन आयोग ने उन्हें पत्र भी भेजा, जिसका कोई जवाब नहीं मिला।
- राहुल ने अब तक किसी भी मुद्दे पर चुनाव आयोग को कोई पत्र नहीं भेजा।
- यह अजीब है कि वे बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं और अब आयोग व उसके कर्मचारियों को धमकाना शुरू कर दिया है।
- आयोग ने ऐसे गैर-जिम्मेदाराना बयानों को नजरअंदाज करते हुए अपने सभी कर्मचारियों से निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से काम करने की अपील की है।

*आयोग का कहना है कि बिहार में 'सर' प्रक्रिया पूरी तरह संवैधानिक प्रावधानों और पारदर्शी नियमों के तहत जारी है*

राहुल ने यह कहा था

#### देश में चुनावों की चोरी हो रही, यह सच



राहुल गांधी ने 23 जुलाई को आरोप लगाया था कि देश में चुनावों की चोरी की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी ने कर्नाटक की एक लोकसभा सीट का गहराई से अध्ययन किया है और वोट चोरी की पूरी प्रक्रिया का पता लगा लिया है। कर्नाटक में हमने एक सीट को चुना और उसकी वोटर लिस्ट को डिजिटल फॉर्मेट में कन्वर्ट किया।राहुल का कहना है कि 'हमें इसका कागजी सबूत मिल गया है। हम इसे जनता और चुनाव आयोग के सामने रखेंगे। राहुल ने सर को लेकर एक बार फिर चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। राहुल ने कहा कि वोट चोरी हो रहे हैं और यह ओपन एंड शट केस है। उन्होंने दावा किया कि उनके पास इस मामले में पुख्ता सबूत मौजूद हैं।

#### बेंगलुरु में प्रदर्शन करेगी कांग्रेस

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि कांग्रेस नेता 5 अगस्त को बेंगलुरु में एक प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन का तरीका और स्थान अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन जल्द ही इसकी घोषणा होगी। डी. के. शिवकुमार ने बताया कि प्रदर्शन रैली, मार्च या धरने के रूप में होगा।

राहुल के बयान पर भड़के मंत्री रिजिजू

#### संवैधानिक संस्थाओं को धमका रहे, कांग्रेस की 'गंदी सोच' उजागर



राहुल के बयान को लेकर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब राहुल संवैधानिक संस्थाओं को धमकी दे रहे हैं। यह लोकतंत्र को कमजोर करने की एक बहुत बड़ी साजिश है। उनका यह रवैया और सोच बेहद खतरनाक है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष एक सुनियोजित और दुर्भावनापूर्ण योजना के तहत संवैधानिक संस्थाओं की छवि को खराब करने में जुटा है। यह सीधे-सीधे लोकतंत्र पर हमला है।

**झूठा आरोप लगा रहे, संसद नहीं चलने दे रहे**

रिजिजू ने विपक्ष पर संसद की कार्यवाही बाधित करने और झूठे आरोप लगाने का आरोप लगाया। रिजिजू ने कहा कि विपक्षी सांसद जैसे ही बहस शुरू होती है। वेल में आ जाते हैं और संसद की कार्यवाही नहीं चलने देते।

**बार- बार देश विरोधी बयान दे रहे**

राहुल पर सीधा हमला करते हुए उन्होंने कहा कि राहुल बार-बार भारत विरोधी बयान दे रहे हैं, जो कि बिल्कुल गलत है।

**राहुल कोई बच्चे नहीं, कुछ तो समझ होनी चाहिए**

ट्रंप के बयान को राहुल ने सही बताया था। रिजिजू ने कहा राहुल बच्चे नहीं हैं। उन्हें ये मालूम होना चाहिए कि इससे देश की छवि को नुकसान पहुंचता है।

**देश का सम्मान बनाए रखना सबकी जिम्मेदारी**

रिजिजू ने कहा कि राहुल देश के खिलाफ बयान दे रहे हैं। विपक्ष के कई सदस्यों ने भी कहा है कि यह सही नहीं है। सभी देश का सम्मान करें।

---

### हंगामे के बाद संसद की कार्यवाही स्थगित



## कांग्रेस ने 'एसआईआर' की पारदर्शिता पर जताया संदेह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष का हंगामा सदन की कार्यवाही फिर से शुरू होने के बाद भी जारी रहा। सदन की कार्यवाही अब सोमवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई है। कांग्रेस सांसद रंजीत रंजन ने सर पर कहा कि विपक्ष दोनों सदनों में इसकी चर्चा की मांग कर रहा है। हमें इसकी पारदर्शिता पर संदेह है। आप कह रहे हैं कि 65 लाख में से 36 लाख लोग लापता हैं। हम चाहते हैं कि अगर चुनाव आयोग पारदर्शिता बरत रहा है और सरकार को भरोसा है तो सदन में इस पर चर्चा करें, हमारे सवालों को स्पष्ट करें, हमें विश्वास में लें। अगर मतदाताओं के अधिकार छीने जाएंगे तो हम चुप कैसे बैठ सकते हैं?

#### राज्यसभा की कार्यवाही भी स्थगित

राज्यसभा में शुक्रवार को विपक्ष के हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही स्थगित की गई। विपक्ष अपनी मांगों को लेकर अड़ा रहा जिसके चलते सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

**राज्यसभा वेल में सीआईएसएफ का आना बेहद आपत्तिजनक: खरगे**

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने उपसभापति हरिवंश को पत्र लिखा है। उन्होंने सदन के वेल में सीआईएसएफ जवानों के आने की घटना को 'बेहद आपत्तिजनक' बताया और कहा कि संसद में ऐसी घटना हैरान करने वाली है।

#### राज्यसभा में भी नहीं होगी 'सर' पर चर्चा



बिहार में वोटर लिस्ट संशोधन (सर) का मुद्दा छाया हुआ है। लोकसभा में इस पर चर्चा से इनकार करते हुए स्पीकर ओम बिरला ने कहा था कि यह चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र का मामला है। आरजेडी सांसद मनोज झा ने स्थगन प्रस्ताव दिया था। उपसभापति हरिवंश ने चर्चा से इनकार करते हुए कहा कि यह सदन के अधिकार क्षेत्र के दायरे में नहीं आता है। उपसभापति ने कहा कि चुनाव आयोग संवैधानिक इकाई है और संसद में उसके कामकाज पर चर्चा नहीं हो सकती है।

---

*पीएम मोदी पर थरूर की टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा*

## नेता और जज की होनी चाहिए मोटी चमड़ी लोगों को ज्यादा 'टची' नहीं होना चाहिए

भाजपा नेता राजीव ने दायर किया था मानहानि केस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी पर बयान देने को लेकर मानहानि मुकदमे का सामना कर रहे कांग्रेस सांसद शशि थरूर को सुप्रीम कोर्ट ने राहत के संकेत दिए। अदालत ने कहा कि नेताओं और जजों को मोटी चमड़ी का होना चाहिए। 2018 में थरूर ने कहा था कि एक आरएसएस नेता ने ही नरेंद्र मोदी की तुलना 'शिवलिंग पर बैठे बिच्छू' से की थी। इसी बयान को लेकर भाजपा नेता राजीव बब्बर ने मानहानि का केस दायर किया था। इसकी कार्यवाही रोकने की मांग थरूर ने की थी, जिसे हाई कोर्ट में खारिज कर दिया गया था। इसके बाद उन्होंने उच्चतम न्यायालय का रुख किया।

#### हाईकोर्ट ने असम्मान बताया था



जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा कि आखिर सार्वजनिक जीवन में रहने वाले लोगों को इतना टची नहीं होना चाहिए। ऐसे बयानों को दिल से नहीं लगाना चाहिए। थरूर ने बेंगलुरु लिटरेचर फेस्टिवल में बोलते हुए उपरोक्त बात कही थी। हाई कोर्ट ने कहा था कि उनका बयान पीएम मोदी और आरएसएस की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है।

सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी

#### गंभीर गतिविधियां रोकें, वरना पूरा हिमाचल गायब हो जाएगा

हिमाचल प्रदेश में बढ़ते जलवायु असंतुलन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर चिंता जताते हुए राज्य सरकार को सख्त चेतावनी दी है। कोर्ट ने कहा अगर बेतरतीब विकास और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियां नहीं रुकीं, तो एक दिन पूरा हिमाचल नक्शे से गायब हो सकता है। हिमाचल में बदलते पर्यावरण बदल रहा है।

**4 हफ्ते में रिपोर्ट पेश करें :** सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल सरकार को नोटिस जारी करते हुए 4 हफ्तों में पर्यावरण और इकोलॉजी को सुधारने के कदमों की रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

### जीवितों के नाम पर न चलाएं सरकारी योजनाएं



**चेन्नई ।** मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को निर्देश दिया है कि वह किसी भी जीवित व्यक्ति के नाम, किसी पूर्व मुख्यमंत्री या वैचारिक नेता की तस्वीर, राजनीतिक दल के प्रतीक, झंडे अथवा चिह्न का उपयोग सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में न करे। कोर्ट ने यह अंतरिम आदेश एआईएडीएमके सांसद सी.वे. शन्मुगम और वकील इनियन की याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया है।

### कांग्रेस ने बुलाया कानूनविदों का महासंगम

## 'लीगल कॉन्क्लेव' में आज होगी लोकतंत्र संविधान और संस्थागत जवाबदेही पर गहन चर्चा

▶▶ नई दिल्ली

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के विधि, मानवाधिकार और सूचना का अधिकार विभाग द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय विधिक कॉन्क्लेव का आयोजन शनिवार को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में किया जा रहा है। कॉन्क्लेव का मुख्य विषय है 'संवैधानिक चुनौतियांः दृष्टिकोण और मार्ग'। कानून के जानकारों का महासंगम तब हो रहा है जब राहुल गांधी ने संवैधानिक पद पर रहते हुए चुनाव आयोग जैसी दूसरे संवैधानिक संस्था के खिलाफ लगातार हमला जारी रखा हुआ है। कॉन्क्लेव को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी संबोधित करेंगे। इनके अतिरिक्त कांग्रेस के प्रमुख नेता व पदाधिकारी प्रियंका गांधी वाड्रा, केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश, मुकुल वासनिक, कोषाध्यक्ष अजय माकन, तथा कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, वरिष्ठ अधिवक्ता, पूर्व न्यायाधीश, विधिक शिक्षाविद् और मानवाधिकार कार्यकर्ता भी संबोधित करेंगे। कुल 41 विशिष्ट वक्ताओं की सूची में कई राष्ट्रीय महत्व के व्यक्तित्व शामिल हैं।

---

### क्लर्क रहा व्यक्ति निकला धनकुबेर

## 24 घर और 30 करोड़ की संपत्ति, 15 हजार थी सैलरी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



कर्नाटक में भ्रष्टाचार का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। कोप्पल में कर्नाटक रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड में क्लर्क रहे एक व्यक्ति ने करोड़ों की संपत्ति बना ली। शख्स का नाम कलकप्पा निदगुंडी है। इसकी महीने की सैलरी तो केवल 15 हजार थी। लेकिन वह अपने, अपनी पत्नी और भाई के नाम पर करोड़ों की प्रॉपर्टी रजिस्टर्ड करा चुका है। कर्नाटक लोकायुक्त अधिकारियों ने पद के दुरुपयोग और घोषित आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के संदेह में छापेमारी की, जिसके बाद इसका खुलासा हुआ। निदगुंडी के पास 30 करोड़ की संपत्ति है, जिसमें 24 मकान, चार प्लॉट और 40 एकड़ जमीन शामिल हैं। लगभग 30 लाख रुका 350 ग्राम सोना और 1.5 किलो से अधिक चांदी भी बरामद की गई। 2कारें और 2 दुपहिया वाहन भी मिले।

### आईआईटी आईएसएम धनबाद के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति ने कहा

## तकनीकी ज्ञान और कौशल का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करें

एजेंसी ▶▶ धनबाद

आईआईटी आईएसएम धनबाद के 45 वें दीक्षांत समारोह में शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

अपने संबोधन में उन्होंने संस्थान के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और देश के तकनीकी विकास में आईआईटी आईएसएम के योगदान को महत्वपूर्ण बताया।समारोह के दौरान राष्ट्रपति ने विभिन्न संकायों के उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक और डिग्रियां प्रदान कीं। मंच पर जब राष्ट्रपति ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया तो पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

**1880 छात्रों को डिग्रियां दी, 94 को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज दिए**

#### मंत्रोच्चार और राष्ट्रगान से की शुरुआत





इस अवसर पर राज्यपाल, केंद्रीय शिक्षा मंत्री, आईआईटी आईएसएम के निदेशक, संकाय सदस्य, सांसद दुल्लू महतो धनबाद विधायक राज सिन्हा झरिया विधायक रागिनी सिंह बीसीसीएल सीएमडी समीरण दत्ता उद्योग जगत के विशेषज्ञ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत मंत्र उच्चारण और राष्ट्रीय गान के साथ शुरू हुआ, जिससे पूरा माहौल उत्साह और गर्व से भर गया।

**स्वर्ण पदक राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का भी प्रतीक हो**

राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि स्वर्ण पदक सिर्फ एक उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक भी है। उन्होंने छात्रों को नैतिकता, नवाचार और सेवा भाव के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

#### तकनीकी दक्षता ही नहीं, व्यक्तित्व निर्माण भी करे तकनीकी शिक्षा

अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि आईआईटी आईएसएम धनबाद जैसे संस्थान न केवल तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं, बल्कि देश को ऐसे युवा दे रहे हैं जो आने वाले समय में भारत को वैश्विक मंच पर अग्रणी बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे समाज के विकास और राष्ट्र निर्माण के लिए अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल तकनीकी दक्षता तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसका उद्देश्य संवेदनशील और नैतिक व्यक्तित्व का निर्माण भी होना चाहिए। 1880 छात्रों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में डिग्री प्रदान की गई, जबकि उत्कृष्ट अकादमिक प्रदर्शन के लिए 94 विद्यार्थियों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल से नवाजा गया।

## सरवाड़ पुलिस ने दो बाइक चोरों को दबोचा,चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

किस्मत भीलवाड़ा



**केकड़ी** सरवाड़ थाना पुलिस ने बाइक चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद की है। थानाधिकारी जगदीश प्रसाद ने बताया कि 16 फरवरी 2025 को नसीराबाद सदर थाना क्षेत्र के रामसर निवासी मोहम्मद अहसान पुत्र जुल्फिकार अली ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 8 फरवरी को वह अपने भाई के साथ सरवाड़ ईदगाह शरीफ आया था। उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल ख्वाजा फखरुद्दीन चिश्ती होटल के बाहर खड़ी की थी, जो बाद में चोरी हो गई। मामले की जांच के लिए एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, तकनीकी साक्ष्य जुटाए और मुखबिरों की सूचना के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने अजबा का बाड़िया निवासी मोइन पठान (33) और सदहाम पठान (27) को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उन्होंने चोरी की बात कबूल कर ली। पुलिस अब आरोपियों से अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई में एएसआई शिवचरण, कांस्टेबल कमलेश, नारायण, सांवरलाल और राजकिरण की विशेष भूमिका रही।

## नेताजी फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष लुम्बाराम मेघवाल को संयुक्त व्यापार महासंघ सिरोही ने किया सम्मानित

किस्मत भीलवाड़ा



**सिरोही,** संयुक्त व्यापार महासंघ जिला सिरोही द्वारा नेताजी सुभाषचन्द्र बोस फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष लुम्बाराम मेघवाल को समाजहित एवं देशहित में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान 31 जुलाई को आयोजित एक समारोह में महासंघ जिलाध्यक्ष हंजारीमल चौहान, मुख्य संरक्षक दलपत राजपुरोहित एवं महासचिव अंकूर रावल के संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त प्रशस्ति पत्र के रूप में प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्ति पर लुम्बाराम मेघवाल ने व्यापार महासंघ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए गौरव की बात है और यह समाजसेवा के मार्ग पर उन्हें और अधिक प्रेरणा देगा। उन्होंने महासंघ की निष्पक्षता और समानता के सिद्धांतों की सराहना करते हुए संस्था को बधाई दी। कार्यक्रम में विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही और यह आयोजन समाजसेवा व राष्ट्रहित में समर्पित कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल साबित हुआ।

## निर्मला कोठारी महाविद्यालय में बीएड द्वितीय वर्ष के छात्रों को विदाई



किस्मत भीलवाड़ा

**सावर।** निर्मला कोठारी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सावर में बीएड द्वितीय वर्ष के छात्र अध्यापकों का "भविष्य महोत्सव" समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. विष्णु कुमार व अध्यक्ष एस.एन. न्याति ने शिक्षकों को संस्कारवान समाज निर्माण का संदेश दिया। प्रथम वर्ष के छात्रों ने द्वितीय वर्ष के साथियों को तिलक कर विदाई दी। कार्यक्रम में खेराज कुमार, पिंकी मीणा, मुकेश चोयल और प्राची कुमारी को सम्मानित किया गया। संचालन धनराज जांगिड़ ने किया। समारोह में 96 छात्र व स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## अग्रसेन भवन छावणी में नवनिर्मित हॉल का भव्य उद्घाटन

किस्मत भीलवाड़ा



**शिवगंज।** अग्रवाल समाज छावणी द्वारा निर्मित अग्रसेन भवन के नवनिर्मित हॉल का उद्घाटन समारोहपूर्वक हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी नीरज मिश्र थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस उपअधीक्षक पुष्पेंद्र वर्मा, थानाधिकारी बाबूलाल राणा, एवं अग्रवाल क्षेत्रीय सभा आबूरोड के अध्यक्ष गंगाराम गोयल मौजूद रहे। अध्यक्षता दिनेश बिंदल ने की। समारोह की शुरुआत हवन-यज्ञ एवं दीप प्रज्वलन से हुई। समाज के भामाशाहों का साफा, शॉल व पुष्पहार से सम्मान किया गया। महिला मंडल, युवाओं व समाजजनों की उपस्थिति में कार्यक्रम उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। हॉल निर्माण में अनेक भामाशाहों का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनमें दिनेशकुमार बिंदल, गंगाराम गोयल, हीरालाल सिंहल, रोशनलाल गोयल सहित कई समाजसेवियों के नाम प्रमुख हैं।

## सुमेरपुर में CPE सेमिनार "नीतिमंथनम" का सफल आयोजन



किस्मत भीलवाड़ा

**सुमेरपुर** CPE स्टडी चैप्टर ऑफ ICAI द्वारा 1 अगस्त को होटल कम्बा में "नीतिमंथनम" शीर्षक से एक दिवसीय CPE सेमिनार आयोजित हुआ। 5 CPE घंटों वाले इस सेमिनार में दो तकनीकी सत्र आयोजित हुए। CA राजीव गुप्ता ने "नॉन-कॉरपोरेट एंटिटीज के नए फॉर्मेट" पर व्याख्यान दिया, जबकि श्री मोहीबुर रहमान ने "AI टेक्नोलॉजीज एंड टूल्स" पर जानकारी दी। CA आशीष बोहरा, मुकुल मूंदड़ा, दीपक सोनी व नितेश अग्रवाल के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में सुमेरपुर सहित कई शहरों के CAs ने भाग लिया। उपस्थित विशेषज्ञों और प्रबंधन की प्रतिभागियों ने सराहना की।

# कलेक्टर की संवेदनशीलता देख भावुक हुआ पीड़ित बुजुर्ग,पांव पकड़कर रो पड़ा

**तीन दिन से न्याय की आस में भटक रहा था परिवार,कलेक्टर जसमीत सिंह संधु ने तुरंत दिलाया राहत का भरोसा**

किस्मत भीलवाड़ा







**भीलवाड़ा।** जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु की जनसेवा भावना एक बार फिर सामने आई जब एक पीड़ित बुजुर्ग उनकी संवेदनशीलता देखकर भावुक होकर रो पड़ा और उनके पांव पकड़ लिए। यह मार्मिक दृश्य तब सामने आया जब पारोली थाना क्षेत्र से आए पीड़ित गणेश आचार्य तीन दिन से पुलिस अधीक्षक से मिलने के लिए भटक रहा था, लेकिन उसे बार-बार गुमराह किया जा रहा था। थक-हारकर जब पीड़ित परिवार जिला कलेक्टर के पास पहुँचा, तो कलेक्टर संधु ने बिना देरी किए तत्काल एसपी धर्मेन्द्र सिंह यादव को फोन कर मामले की गंभीरता से सुनवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बुजुर्ग से कहा, "जब तक आपको न्याय नहीं मिलेगा, आप मेरे पास आ सकते हैं, मैं हर बार सुनूंगा और मदद करूंगा।" यह सुनकर गणेश आचार्य भावुक हो उठे और कलेक्टर के प्रति आभार जताते हुए पांव पकड़ लिए। संधु ने उन्हें रोकते हुए कहा, "ऐसा मत करिए, आप कभी भी मुझसे मिल सकते हैं।"

**क्या है मामला?**

गणेश आचार्य ने बताया कि उनके नोहरे से ट्रैक्टर चोरी हो गया था। आरोपी भोलू रैगर ने पुलिस पूछताछ में चोरी स्वीकार की थी, लेकिन ट्रैक्टर अब तक बरामद नहीं हुआ और आरोपी खुलेआम घूम रहा है। उल्टा पीड़ित पर एससी/एसटी एक्ट के तहत झूठा मुकदमा दर्ज करवा दिया गया और अब वह मुकदमा वापस लेने के लिए 2 लाख की मांग कर रहा है। आचार्य ने बताया कि जब पुलिस से कोई राहत नहीं मिली, तो उन्होंने कलेक्टर से गुहार लगाई और उन्होंने जो संवेदनशीलता और तत्परता दिखाई, उससे एक बार फिर साबित हुआ कि प्रशासन में इंसानियत अब भी जिंदा है।

# कोचरिया ग्राम पंचायत में वित्तीय समावेशन शिविर व महिला बैंकिंग आउटलेट का शुभारंभ

**महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा की दिशा में बैंक ऑफ बड़ौदा की अनूठी पहल**

किस्मत भीलवाड़ा



**सुवाणा** खण्ड की कोचरिया ग्राम पंचायत में 31 जुलाई को बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा एक दिवसीय वित्तीय समावेशन संतृप्तता शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही मॉडल चौराहा पर एक महिला बैंकिंग आउटलेट का भी शुभारंभ हुआ, जिसे श्रीमती आनंद कंवर राजपुरोहित द्वारा संचालित किया जाएगा। मुख्य अतिथि श्री शैलेश कुमार शर्मा (सहायक महाप्रबंधक, वडोदरा) तथा विशिष्ट अतिथि श्री अमित टुकड़िया (उप क्षेत्रीय प्रबंधक), एलडीएम श्री अशोक कुमार पाण्डेय और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। शिविर में प्रधानमंत्री जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना सहित कई वित्तीय योजनाओं की जानकारी दी गई और ग्रामीणों को जोड़ने का कार्य किया गया। इस अवसर पर PMJJBY के तहत ?2 लाख का बीमा दावा चेक श्री अजीत सिंह को प्रदान किया गया। महिला प्रतिनिधि आनंद कंवर राजपुरोहित की बैंकिंग सेवाओं की शुरुआत को महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बताया गया। वहीं, कोचरिया को 'बीमा ग्राम पंचायत' बनाने का संकल्प भी लिया गया। साथ ही, बीसी कोऑर्डिनेटर बैठक और सम्मान समारोह में क्षेत्र के उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 100 से अधिक ग्रामीणों ने भाग लिया। संचालन एफएलसी प्रतिनिधि श्री अंकित क्षोत्रिय ने किया।

**राष्ट्रीय अंगदान दिवस पर जिला कलेक्टर ने दिलाई शपथ**

# ब्रेस्टफीडिंग वीक का शुभारंभ,उत्कृष्ट दाताओं का हुआ सम्मान

किस्मत भीलवाड़ा



**भीलवाड़ा,** राष्ट्रीय अंगदान दिवस (3 अगस्त) के अवसर पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने उपस्थित अधिकारियों, चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को अंगदान की शपथ दिलाई। इस दौरान अंगदान करने वाले प्रेरणास्पद दाताओं का प्रतीक चिन्ह (मोमेंटो) भेंट कर सम्मान भी किया गया। जिला कलेक्टर श्री संधू ने कहा कि अंगदान महादान है और समाज में इस विषय को लेकर जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि नेशनल अंग टिशू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन के माध्यम से जिले में अब तक 1940 से अधिक लोग ऑनलाइन अंगदान की शपथ ले चुके हैं, जो जनसहभागिता की सकारात्मक दिशा दर्शाता है। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय ब्रेस्टफीडिंग वीक की शुरुआत भी की गई। इस अवसर पर लिक बैंक में उल्लेखनीय कार्य करने वाले दाताओं को सम्मानित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि नवजात शिशु के जीवन के पहले 28 दिन अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं और इस दौरान मां का दूध शिशु के लिए सर्वोत्तम आहार होता है। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतेंद्र पुरी गोस्वामी, मेडिकल कॉलेज की अतिरिक्त प्रधानाचार्य डॉ. पूजा गंगराड़े, डॉ. डी.एल. कास्ट, स्वयंसेवी संगठन से विक्रम दाधीच सहित चिकित्सा विभाग के कई अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

## राजेंद्र सोलंकी की एक हजार किमी पदयात्रा का सुमेरपुर में हुआ भव्य स्वागत

किस्मत भीलवाड़ा



**शिवगंज।** माली समाज के राजेंद्र पूरण सिंह सोलंकी (गांधी नगर, शिवगंज) ने हरिद्वार से कामेश्वर महादेव मंदिर तक लगभग 1000 किमी की पदयात्रा पूर्ण कर शुक्रवार को सुमेरपुर पहुंचने पर भजन हनुमान मंदिर प्रांगण में अनेक संस्थाओं द्वारा पुष्पहार से स्वागत किया गया। सोलंकी ने बताया कि वे 3 अगस्त, रविवार को शिवगंज से कामेश्वर महादेव के लिए अंतिम चरण की पदयात्रा शुरू करेंगे और बाबा का अभिषेक करेंगे। इस दौरान हरे रामा हरे कृष्णा ग्रुप के लक्ष्मण परिहार, प्रकाश टांक, छगनलाल, जगदीश व ओमप्रकाश परिहार सहित कई लोगों ने उनका अभिनंदन किया।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर एडीएम ने ली ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक

किस्मत भीलवाड़ा



**केकड़ी,** अतिरिक्त जिला कलेक्टर चंद्रशेखर भंडारी की अध्यक्षता में 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन को लेकर ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करते हुए विभागवार दायित्व निर्धारित किए गए और सभी अधिकारियों को समर्पण से कार्य संपादन के निर्देश दिए गए। एडीएम ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह केकड़ी के पटेल मैदान में गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा, जिसमें पुलिस, एनसीसी, होमगार्ड, स्काउट व विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। समारोह में व्यायाम प्रदर्शन, समूह नृत्य व देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति के साथ राष्ट्रीय एकता को प्रेरित करने वाले कार्यक्रम भी होंगे। उन्होंने आमजन व संस्थाओं से अपने-अपने भवनों पर तिरंगा फहराने की अपील की। बैठक में उपखंड अधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, तहसीलदार, विकास अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## नाबालिग से छेड़छाड़ और परिजनों से मारपीट का आरोपी गिरफ्तार



किस्मत भीलवाड़ा

**केकड़ी,** शहर में नाबालिग से छेड़छाड़ और उसके परिजनों से मारपीट के मामले में फरार चल रहे आरोपी विक्रांत सिंह को केकड़ी सिटी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त बेसबॉल का डंडा भी बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा, एएसपी श्योराजमल और वृताधिकारी हर्षित शर्मा के निर्देशन में थानाधिकारी कुसुमलता के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को शिव कॉलोनी, जुनिया गेट क्षेत्र से डिटेन किया। पूछताछ के बाद उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया गया। घटना 26 जुलाई की है, जब पीड़िता की मां ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी ने उसकी नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ की और विरोध करने पर परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मारपीट की। पुलिस टीम में थानाधिकारी कुसुमलता के साथ कांस्टेबल तेजमल और मुकेश शामिल थे। मामले में आगे की जांच जारी है।

# डीएनटी समाज का 'महा-बहिष्कार' आंदोलन, सरकार को तीन माह का अल्टीमेटम

**आरक्षण,शिक्षा,रोजगार और अधिकारों की मांग को लेकर भीलवाड़ा में जताया आक्रोश**

किस्मत भीलवाड़ा



**भीलवाड़ा।** राष्ट्रीय पशुपालक संघ, डीएनटी संघर्ष समिति और विमुक्त, घुमंतू व अर्ध-घुमंतू जाति परिषद के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को आज़ाद चौक, भीलवाड़ा में विशाल "महा-बहिष्कार" सभा आयोजित की गई। इसके पश्चात समाजजनों ने रैली निकालते हुए कलेक्टर कार्यालय तक मार्च किया और प्रदर्शन के दौरान सरकार का पुतला दहन कर आक्रोश प्रकट किया। आंदोलन के मुख्य स्वर को आवाज़ देते हुए राष्ट्रीय पशुपालक संघ के अध्यक्ष लालजी राईका ने कहा कि यदि सरकार ने हमारी मांगों पर तीन माह के भीतर वार्ता नहीं की, तो यह आंदोलन राज्यव्यापी रूप ले लेगा। उन्होंने बताया कि डीएनटी समाज की संख्या लगभग 1.23 करोड़ है, जो राज्य की जनसंख्या का 15% हिस्सा है, लेकिन राजनीतिक, शैक्षणिक और सामाजिक क्षेत्र में उनकी हिस्सेदारी बेहद कम है। वहीं परिषद के प्रदेशाध्यक्ष रतननाथ कालबेलिया ने चेतावनी दी कि 1 नवंबर से डीएनटी समाज हाईवे पर उतरकर विरोध करेगा और सभी पंचायत एवं निकाय चुनावों का बहिष्कार करेगा। समाज सरकार द्वारा संचालित प्रमाणपत्र शिविरों और कार्यक्रमों का भी बहिष्कार करेगा, क्योंकि उनके नाम और उपनाम सरकारी सूची में शामिल नहीं हैं।

**प्रमुख मांगें**

डीएनटी समाज को अलग से 10% आरक्षण

पंचायतों में 10% हिस्सेदारी

बस्तियों की जमीन पर पट्टे

बच्चों के लिए मॉडल स्कूल

1000 छात्रों को विदेश छात्रवृत्ति

समाज ने स्पष्ट किया कि यह उनका अंतिम ज्ञापन है और अगला कदम आंदोलन का व्यापक विस्तार होगा।

# जलभराव से प्रभावित खेतों का निरीक्षण, किसानों को दिए गए राहत व मार्गदर्शन के उपाय

किस्मत भीलवाड़ा



**शक्करगढ़।** क्षेत्र की बाकरा पंचायत में शुक्रवार को सहायक कृषि अधिकारी अमित जागेटिया एवं कृषि विभाग की टीम ने जलभराव से प्रभावित खेतों का निरीक्षण किया। भारी वर्षा के कारण कई खेतों में पानी भर गया है जिससे फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचा है। निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों ने किसानों से संवाद कर नुकसान का आंकलन किया और उन्हें भविष्य की संभावित हानि को कम करने के उपाय सुझाए। अधिकारियों ने किसानों को सलाह दी कि वे जलनिकासी की उचित व्यवस्था करें ताकि फसलें अधिक समय तक पानी में डूबी न रहें। जलमग्न फसलों को बीमारियों व कीटों से बचाने हेतु कीटनाशक दवाओं और रोग नियंत्रण उपायों की जानकारी दी गई। अमित जागेटिया ने बताया कि जलभराव की स्थिति में पौधों की जड़ों को ऑक्सीजन की कमी हो जाती है, जिससे वे नष्ट हो सकती हैं। साथ ही, मिट्टी में पोषक तत्वों की कमी और कीट रोगों का खतरा भी बढ़ जाता है। कृषि पर्यवेक्षक मस्तराम मीणा ने किसानों से आग्रह किया कि वे अपनी फसल का प्रधानमंत्री फसल बीमा जरूर करवाएं जिसकी अंतिम तिथि 15 अगस्त है। साथ ही, फसल खराबे की स्थिति में टोल फ्री नंबर 14447 पर शिकायत दर्ज कराकर नुकसान की जानकारी दें, जिससे उन्हें उचित मुआवजा मिल सके। इस मौके पर कृषि सहायकों की टीम भी मौजूद रही। निरीक्षण से किसानों में जागरूकता बढ़ी और उन्होंने विभाग द्वारा दिए गए सुझावों को सकारात्मक रूप से लिया।

# विद्यालय भवन की जर्जर स्थिति पर बीडीओ और ईएएन ने लिया जायजा, नई बिल्डिंग की उठी मांग

किस्मत भीलवाड़ा





**बनेड़ा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बबराना में शुक्रवार को विद्यालय भवन की स्थिति को लेकर मंडल अध्यक्ष कैलाश सिंह भाटी ने प्रधानाचार्य से चर्चा की। इस दौरान बीडीओ एवं ईएएन अधिकारी भी विद्यालय पहुंचे और भवन की खराब हालत का जायजा लिया। ईएएन अधिकारी ने माना कि वर्तमान में स्वीकृत 5 लाख रुपये की राशि से विद्यालय की मरम्मत संभव नहीं है। श्री भाटी ने बताया कि विद्यालय की स्थापना वर्ष 1960-65 के बीच हुई थी और तब से अब तक केवल मामूली मरम्मत ही हुई है। वर्तमान भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है, जिससे छात्रों के बैठने की भी समुचित व्यवस्था नहीं है। भाटी ने आग्रह किया कि विद्यालय की गंभीर स्थिति को देखते हुए नई बिल्डिंग की पूर्ण स्वीकृति की जाए, जिससे छात्रों को सुरक्षित और उपयुक्त शिक्षण वातावरण मिल सके।

# जिला कलेक्टर ने निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगी को स्वयं की ओर से वितरित किया निक्षय पोषण किट"

किस्मत भीलवाड़ा



**भीलवाड़ा,** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निक्षय पोषण किट वितरण योजना के तहत जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु ने स्वयं निक्षय मित्र बनकर टीबी उपचाररत रोगी को निक्षय पोषण किट वितरित किया । जिला कलेक्टर ने स्वयं निक्षय मित्र बनकर जिले के राजकीय कार्मिकों को भी टीबी मरीजों का निश्चय मित्र बनकर निशुल्क टीबी पोषण किट वितरित करने हेतु प्रोत्साहित किया जिससे कि भीलवाड़ा जिला टीबी मुक्त हो सके। इस अवसर पर जिला कलेक्टर श्री संधु ने रोगी को पोषित आहार लेने और टीबी की दवाएं पूरी करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन टीबी मुक्त भारत अभियान के प्रति प्रतिबद्ध है और इस अभियान के तहत जिले में टीबी रोगियों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतेन्द्र पुरी गोस्वामी ने टीबी रोगी को समय-समय पर अपनी जांच कराने और पोषित आहार लेने के लिए आग्रह किया। सीएमएचओ ने बताया कि जिले में आज तक कुल 1952 निक्षय मित्र रजिस्टर्ड कर दिए गए हैं और कुल 3140 निक्षय पोषण किट वितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने जिला कलेक्टर को आश्वस्त किया कि इस अभियान के अंतर्गत शत प्रतिशत टीबी रोगियों को निक्षय मित्र से जोड़कर सतत रूप से प्रगति की जाएगी।

# चुण्डावत बने मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

किस्मत भीलवाड़ा




**जयपुर।** मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन ने सुमेर सिंह चुण्डावत को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह संगठन देशभर के 6,000 से अधिक पत्रकारों को जोड़ते हुए उनकी समस्याओं के समाधान हेतु समर्पित है। चुण्डावत जोधपुर निवासी हैं और एक अखबार के जोधपुर एडिशन के प्रधान संपादक हैं। राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा ने इस नियुक्ति पर हर्ष जताते हुए कहा कि यह प्रदेश के पत्रकारों के लिए गौरव की बात है और इससे संगठन की गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास- मृतक की पत्नी रसीला को को किया बरी

किस्मत भीलवाड़ा

**केकड़ी** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रमांक 2, केकड़ी प्रवीणकुमार वर्मा ने हत्या के एक मामले मेंआरोपी महेंद्र जांगिड़ निवासी घारेड़ा,टोडारायसिंह को आजीवन कारावासऔर जुर्माने की सजा सुनाई । प्रकरण में 29 जून 2022 को नरेंद्र धाकड़ निवासी कुम्हारिया, सरवाड ने रिपोर्ट दी थी कि उसका साला सत्यनारायण धाकड़ लापता हैं। बाद में पता चला कि नायकी गांव के खेतों में उसकी लाश मिली है। यह हत्या 28 जून 2022 को की गई थी। मामले की जांच में सामने आया कि हत्या सत्यनारायण की पत्नी रसीला धाकड़ और महेन्द्र जांगिड़ ने मिलकर की थी। दोनों के खिलाफ केकड़ी शहर थाने में एफ आईआर दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया गया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने 25 गवाहोंके बयान, 85 दस्तावेजी साक्ष्य और13 वस्तुएं पेश कीं । सुनवाई के बाद अदालत ने महेंद्र को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई।रसीला की और से पेरवी करते हुये एडवोकेट कालूराम गुर्जर ने अनेक तर्क प्रस्तुत किये जिनसे सहमत होते हुये न्यायाधीश वर्मा द्वारा संदेह का लाभ देते हुये बरी करने के आदेश पारित किये गए

## नर्मदेश्वर महादेव सेवा समिति के तत्वावधान में होगा आयोजन जल विहार मनोरथ



*नोका में विराजमान में होंगे चंद्रमौलेश्वर महाकाल,अंतिम सावन सोमवार को होगा भक्तों से भक्ति मिलन*

किस्मत भीलवाड़ा



**देवगढ़ / राजसमंद** श्रावण के अंतिम सोमवार को देवगढ़ नगर पहली बार एक ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और भक्ति से परिपूर्ण आयोजन होने जा रहा है, उज्जैन से पधारी चंद्रमौलेश्वर महाकाल की पवित्र छवि का भव्य जल विहार मनोरथ मंदिर परिसर के पास स्थित पाल के पास होगा। नर्मदेश्वर महादेव सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस अद्भुत कार्यक्रम की तैयारियाँ ज़ोरों पर हैं। भक्तगण बाबा महाकाल की मूर्तिरूप छवि को सुसज्जित नौका पर राघव सागर की पाल के पास जल विहार करते हुए देख सकेंगे, जो मन को शांति और भक्ति से भर देगा। सोमवार सांय 4 बजे से आरंभ होकर रात्रि तक चलेगा। आयोजन स्थल नर्मदेश्वर महादेव मंदिर परिसर और राघव सागर झील को विशेष रूप से सजाया जा रहा है, जहाँ श्रद्धालुओं के स्वागत और दर्शन की समुचित व्यवस्था की जा रही है। समिति ने जल विहार मनोरथ से पूर्व भक्ति संगीत, शिव स्तुति भी शामिल की है, जिससे वातावरण पूर्णतः शिवमय हो उठेगा। यह पहला अवसर होगा जब देवगढ़ में उज्जैन से पधारी बाबा महाकाल की पावन छवि का विधिपूर्वक जल विहार मनोरथ होगा। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं, भक्तजनों और नगरवासियों से आग्रह किया है कि वे इस शुभ अवसर पर सपरिवार उपस्थित होकर बाबा महाकाल के दिव्य स्वरूप के दर्शन करें और पुण्य लाभ अर्जित करें। नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों, युवाओं और श्रद्धालुओं में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

## बोईसर श्रावक दल की गुरुदर्शन यात्रा



किस्मत भीलवाड़ा

**पालघर** औद्योगिक शहर बोईसर का एक श्रावक दल गुरु दर्शन यात्रा पर निकला दल ने कई चरित्र आत्माओं के दर्शन कर गुरु भगवंत से आशीर्वाद लिया। यात्रा दल के कांतिलाल ईंटोंदिया ने बताया कि यात्रा दल ने प्रथम दिन जयपुर चातुर्मास में विराजित चरित्र आत्माओं का आशीष प्राप्त कर दूसरे दिन कोटा में विराजित महासती मंगल प्रभा जी म सा, मधुमिता म सा आदि ठाना के दर्शन वंदन कर आशीर्वाद लिया । तीसरे दिन रतलाम में बिराजित महासती संयमलता म सा, साध्वी अमित प्रज्ञा डा कमल प्रज्ञा, सौरभ प्रज्ञा, म सा के दर्शन वंदन कर आत्मिक रूप से धार्मिक चर्चा की। रतलाम में बोईसर प्रवासी मुमुक्षु शीतल सोलंकी से भी मिल संयम पथ पर अग्रसर होने पर मंगलकामना की। रतलाम के बाद श्रावक दल ने इंदौर में संत भगवंत दर्शन, राजगढ़ में पुष्पेंद्र विजय म सा के दर्शन कर जैन तीर्थ मोहन खेड़ा में आराधना की। श्रावक दल लुधियाना, नया शहर हो बोईसर लौटेगा। दर्शन यात्रा में गुरु भक्त कांति लाल ईटोदिया सुरेश दोषी, सुभाष घाटावत, लक्ष्मीलाल दोषी, संतोष जैन, खेतरमल दोषी, रेखा देवी, शकुंतला देवी वसंता घाटावत, कंचन देवी, शर्मिला देवी, हीरा देवी प्रमुख रहे। यात्रा दल गुरु दर्शन के साथ कई धार्मिक व पर्यटन दर्शन भी कर यात्रा को आनंदित किया।

## अखिल भारतीय महिला दाधीच संघ द्वारा लहरिया महोत्सव रविवार को

किस्मत भीलवाड़ा

**गुलाबपुरा** अखिल भारतीय महिला दाधीच संघ का लहरिया महोत्सव का आयोजन रविवार को होगा। महिला अध्यक्ष ज्योति तिवाड़ी ने बताया कि 3 अगस्त रविवार को बस स्टेंड स्थित सिद्ध गणेश मंदिर के प्रांगण मे दोपहर 12 बजे से महिलाओं का लहरिया महोत्सव कार्यक्रम शुरू होगा, जिसमे विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिता होगी, प्रतियोगिता में ड्रेस,मेकअप, व हाव भाव के आधार पर प्रथम,द्वितीय,व तृतीय को पुरुष्कार प्रदान किया जाएगा। एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण भी किया जाएगा।

### पूर्व बीजेपी-प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी बने राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष

# सरकार ने रिटायर्ड IAS नरेश ठकराल को सदस्य बनाया,डेढ़ साल रहेगा कार्यकाल

किस्मत भीलवाड़ा



**जयपुर** प्रदेश में निकाय चुनाव से पहले भजनलाल सरकार ने बड़ी राजनीतिक नियुक्ति की है। बीजेपी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और पूर्व कैबिनेट मंत्री अरुण चतुर्वेदी को राज्य वित्त आयोग का अध्यक्ष बनाया है। वहीं रिटायर्ड IAS अफसर नरेश ठकराल को सदस्य बनाया गया है। उनका कार्यकाल डेढ़ साल के लिए रहेगा।

**चतुर्वेदी बोले- निकायों को आत्मनिर्भर बनाऊंगा**

वित्त आयोग के अध्यक्ष बनने के बाद अरुण चतुर्वेदी ने दैनिक भास्कर डिजिटल से खास बातचीत की। चतुर्वेदी ने कहा- राज्य वित्त आयोग में अध्यक्ष का पद काफी जिम्मेदारीपूर्ण और चुनौतीपूर्ण होता है। राजस्थान में सभी नगर निकाय और पंचायती राज का आकलन किया जाता है, उनके फाइनेंशियल रिसोर्सेज का आकलन किया जाता है। साथ ही सभी टैक्स (कर) का सुनियोजित ढंग से डिवीजन डिस्ट्रीब्यूशन करने की रिपोर्ट वित्त आयोग ही तैयार करता है। ऐस में राजस्थान में कर का ढांचा, टोल टैक्स इन सबके बारे में सरकार को राय देने का काम वित्त आयोग करता है। यह बड़ा चुनौतीपूर्ण काम है, जिसे मैं पूरी ईमानदारी से निभाऊंगा। जिस प्रकार की चुनौती आर्थिक दृष्टि से निकायों के पास है। मैं चेयरपर्सन होने के नाते पूरी कोशिश करूंगा कि सरकार को सही रिपोर्ट पेश करूं। मैं चाहता हूं कि पंचायती राज और निकाय सेल्फ डिपेंडेंट बने, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ही काम करूंगा।

**पार्टी टिकट देने का काम करती है**

विधानसभा और लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं देने पर क्या पार्टी ने आपको किसी राजनीतिक नियुक्ति का आश्वासन दिया था? इस पर चतुर्वेदी ने कहा- इस तरह की परंपरा भाजपा में नहीं है। टिकट नहीं देने का नहीं बल्कि टिकट देने का काम पार्टी करती है। उन्होंने कहा- विधानसभा और लोकसभा चुनाव में पार्टी ने जिसे ठीक समझा, उसे मौका दिया है। काम करना एक कार्यकर्ता का दायित्व है। मैंने तब भी उसे पूरी मेहनत से निभाया। अब भी पार्टी ने जो मुझे दायित्व दिया है, उसे निभाने की कोशिश करूंगा। हम शहरों और निकाय तक मोदी जी के सपने को साकार करने के लिए भजनलाल जी के नेतृत्व में काम करेंगे। चतुर्वेदी ने कहा कि सरकार लगातार संगठन के साथ मिलकर प्रदेश में सियासी नियुक्तियों की प्रक्रिया में है। जल्दी-जल्दी जैसे-जैसे नियुक्तियां होती रहेंगी, सभी के सामने नाम आते रहेंगे। उन्होंने कहा- वित्त आयोग के ढांचे को और मजबूत करते हुए नगर निकाय और पंचायती राज के विकास के लिए उनकी आय बढ़ाने के लिए काम करना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी।

# एसीबी की कार्रवाई-जांच में गंगाशहर थाने का तत्कालीन एएसआई 2000 रुपए की रिश्वत मांगने का दोषी

किस्मत भीलवाड़ा




बीकानेर एसीबी ने 11 साल पुराने मामले की जांच पूरी कर गंगाशहर पुलिस थाने के तत्कालीन एएसआई को मुकदमे से धारा 382 आईपीसी हटाने के बदले 2000 रुपए की रिश्वत मांगने का दोषी माना है। उसके खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया गया है।परिवादी गंगाशहर निवासी मनोज गहलोत ने 24 नवंबर, 14 को ब्यूरो चौकी में रिपोर्ट दी थी कि उसका छोटे भाई और माता-पिता से पारिवारिक विवाद चल रहा है। उसे डरा-धमकाकर घर से निकाल दिया गया। इस संबंध में गंगाशहर थाने में रिपोर्ट दी तो कोई कार्यवाही नहीं की गई। एचएचओ से मिलने पर उसे और उसकी पत्नी को धमकाकर थाने से निकाल दिया। चार नवंबर, 14 को मनोज, उसकी पत्नी-बच्चों के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज कर लिया गया। थाने जाकर बात करने पर एसएचओ ने एएसआई शिशुपालसिंह से मिलने के लिए कहा। एएसआई से मिला तो उसने मुकदमे से धारा 382 हटाने के बदले खर्चा पानी देने के लिए कहा और 200 रुपए ले लिए। कुछ दिन बाद 150 रुपए का मोबाइल रिचार्ज कराया। 21 नवंबर, 14 को थाने गया तो शराब की बोतल के लिए 400 रुपए लिए। उसके बाद 5000 रुपए और मांगे। नहीं देने पर बंद करने की धमकी देने लगा। उसने पति-पत्नी से फार्म पर हस्ताक्षर कराए, एक गवाह की फोटो ली और और उसके खिलाफ आगे कार्यवाही नहीं करने के लिए 5000 रुपए मांगे। एसीबी ने शिकायत का सत्यापन कराया जिसमें एएसआई की आरे से 2000 रुपए की रिश्वत मांग की गई। बाद में एसीबी ने ट्रैप का प्रयास किया, लेकिन एएसआई को भनक लग गई और उसने रिश्वत नहीं ली। एसीबी ने 11 साल पुराने मामले की जांच पूरी की और आरोपी तत्कालीन एएसआई को 2000 रुपए की रिश्वत मांगने का दोषी माना। उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण न्यायालय में चालान पेश कर दिया है।

## गंगापुर पुलिस ने अवैध गांजा खेती का किया खुलासा, 32 पौधे जब्त




**गंगापुर (भीलवाड़ा)** पुलिस थाना गंगापुर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम सहाडा में अवैध गांजा की खेती कर रहे एक आरोपी याकुब खाँ (45) को गिरफ्तार किया है। आरोपीत ने बाजरे व रजके की खेती के बीच गांजे के 32 हरे पौधे (कुल वजन 29 किलो) छिपाकर उगा रखे थे। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहाड़ा रोशन पटेल एवं वृत्ताधिकारी हरजीराम के मार्गदर्शन में थानाधिकारी लीलाधर मालवीय के नेतृत्व में की गई। आरोपीत पर पूर्व में 12 आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह बदमाश प्रवृत्ति का व्यक्ति है। उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# 7,500 रुपए के इनामी शराब तस्कर गिरफ्तार

किस्मत भीलवाड़ा



**भीलवाड़ा,** – डीएसटी भीलवाड़ा और थाना पुर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध शराब तस्करी के मामले में फरार चल रहे 7,500 रुपए के इनामी अजय कुमार को हरियाणा से गिरफ्तार किया है। अजय कुमार वर्ष 2016 में एक ट्रक में 402 कार्टून अंग्रेजी शराब और बीयर अवैध रूप से परिवहन करते हुए पकड़े गए गिरोह का मुख्य आरोपी था। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में, एएसपी पारस जैन, एएसपी रोशन पटेल और वृताधिकारी मेघा गोयल के सुपरविजन में की गई। पुलिस ने पारंपरिक और तकनीकी सूझबूझ के आधार पर आरोपी को दबोच लिया। आरोपी अजय कुमार, जिला चरखी दादरी (हरियाणा) का निवासी है। उस पर एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज है और अब न्यायिक कार्यवाही की जा रही है।

## ज्वेलर की दुकान में चोरी करने वाली तीन महिलाएं गिरफ्तार

**पुलिस ने कोटा से पकड़ा, पहले भी कर चुकी हैं कई वारदात**



**जोधपुर** जोधपुर की देवनगर थाना पुलिस ने मसूरिया में ज्वेलर्स की दुकान से सोने का आभूषण चोरी करने की वारदात का खुलासा करते हुए तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। यह महिलाएं कुख्यात मोगिया गैंग की सदस्य हैं। देवनगर थाना अधिकारी सोमकरण ने बताया कि 23 जुलाई को भावेश सोनी पुत्र घनश्याम सोनी ने थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि वह अपनी दुकान मीनाक्षी ज्वेलर्स पर बैठा था। इस दौरान तीन महिलाएं दुकान पर खरीदारी के बहाने आई और कुछ समय बाद जब वह दूसरे जो कस्टमर को ज्वेलरी दिखा रहा था, तभी उन्होंने ड्रॉअर से एक डिब्बा जिसमें सोने के आभूषण जेंट्स अंगूठी 18 ग्राम 6 पीस, लेडीज अंगूठी 16 ग्राम 8 पीस, फीणिं और बलिया 50 ग्राम, टॉप्स 25 ग्राम 10 जोड़ी, कुल 109 ग्राम सोना और अन्य आइटम 15 ग्राम चोरी कर ले गए। रिपोर्ट के बाद पुलिस ने एक विशेष टीम गठित करके शहर के 25 किलोमीटर की परिधि में करीब 400 सीसी टवी कैमरे खंगाले और तकनीकी डेटाबेस के आधार पर घटना में शामिल गैंग की तीन संदिग्ध महिलाओं की पहचान की गई ।इसके बाद पुलिस ने कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए इन महिलाओं को कोटा से दस्तयाब किया और पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। तीनों महिलाओं के खिलाफ पहले भी मुकदमे दर्ज हैं।

## बिजौलिया पुलिस ने स्मैक तस्कर को किया गिरफ्तार




**भीलवाड़ा,** – बिजौलिया पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कालू बंजारा नामक आरोपीत को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 3 ग्राम 60 मिलीग्राम स्मैक बरामद की गई है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव के निर्देश पर, एएसपी पारस जैन और वृताधिकारी बाबूलाल विश्नोई के सुपरविजन में, थानाधिकारी लोकपाल सिंह के नेतृत्व में की गई। पुलिस गश्त के दौरान आरोपी मोटरसाइकिल से भागने की कोशिश कर रहा था, जिसे पीछा कर रोका गया। पूछताछ में उसकी पहचान कालू बंजारा (उम्र 45, निवासी तिलस्वा) के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है।

## रामद्वारा मे स्वाध्याय पाठ व प्रवचन आयोजित

किस्मत भीलवाड़ा



**गुलाबपुरा** स्थानीय शहर के मोती नगर कोलोनी मे स्थित रामद्वारा में स्वाध्याय पाठ व प्रवचन चल रहे है, श्रावण मास में श्रीमद् भगवत गीता पाठ व वेदांत स्वाध्याय शिक्षा आश्रम में शिष्यगण ग्रहण कर रहे हैं। योग गुरु महंत श्री 108 श्री स्वयंप्रकाश जी महाराज, श्री ओमप्रकाश आश्रम रूपाहेली धाम व श्री 108 शिवराम जी महाराज हमीरगढ़, के सानिध्य में , श्री 108 महंत सत्यप्रकाश जी त्यागी जी महाराज जी के रामद्वारा में एक माह से साध्वी लीला साहेब, साध्वी सुमन प्रकाश,साध्वी कंचन बाई, पूज्या हिरामाता जी, श्रावण मास मे सुबह 10:00 बजे से 1:00 तक गीता के स्वाध्याय पाठ व प्रवचन कर रहे व दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक वेदांत स्वाध्याय व शाम को रात्रि 8 बजे से प्रवचन व सत्संग 11:00 बजे तक चल रहा है । जिसमें भक्तगण दूर दराज से आकर सत्संग का श्रवण करके जीवन में लाभ उठा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य भक्तगण रामधन झडोतिया, चुन्नीलाल, हेमराज प्रजापत ,बाबूलाल जी प्रजापत,महेन्द्र ममता ,मोहन लीला,सूरजकरण साहू,छितर रावत,महावीर सेन ,लालचंद खटीक, सियाराम, माता जी ,मनोज ,हीरा लाल मेघवंशी,देवबक्ष,श्री राम ,हीरालाल सहित मौजूद थे।

## खारीग्राम मयूर मिल से निकलने वाले दूषित पानी के सेम्पल लिए राज्य प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड टीम ने

किस्मत भीलवाड़ा



**गुलाबपुरा** स्थानीय खारीग्राम मयूर मिल से निकलने वाले डाई हाऊस के दुषित पानी सार्वजनिक नाले मे छोड़े जाने से आसपास के जल स्त्रोतो मे भी पानी खराब होने की शिकायत पर भीलवाड़ा से राजस्थान राज्य प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने पहुंच कर शुक्रवार को मिल के आसपास के सभी जल स्त्रोतो का सेम्पल लिए। शिकायत कर्ता अनुज शर्मा गुलाबपुरा ने बताया की मिल निकलने वाला दुषित पानी नाले के द्वारा खारी नदी मे छोडा जा रहा है, जिससे कुएँ, नलकूप के पानी भी दुषित हो रहा है।

## बूढ़ा पुष्कर से 11 कावड़ीयो का दल पवित्र जल लेकर पैदल गुलाबपुरा के लिए हुए रवाना

किस्मत भीलवाड़ा



**गुलाबपुरा** स्थानीय शहर के 11 कावडीयो का दल पवित्र जल के कावड लेकर बूढ़ा पुष्कर से हुए रवाना । बूढ़ा पुष्कर से शुक्रवार सुबह पूजा अर्चना कर कावड़ यात्रा की शुरुआत की । महंत पवन दास वैष्णव ने बताया कि दूसरी पैदल कावड़ यात्रा में 11 शिवभक्तों का दल करीब 102 किलोमीटर की पदयात्रा कर सोमवार को श्री संकट मोचन बालाजी मंदिर में स्थापित श्री नीलेश्वर महादेव मंदिर गुलाबपुरा पहुंचेगी यहां 4 अगस्त सोमवार सावन माह के चौथे सोमवार को जलाभिषेक एवं दुग्धाभिषेक किया जायेगा। पैदल कावड यात्रा मे रामलाल वैष्णव, संदीप खटीक, पीरु मेघवंशी, पिंटू सिंह परिहार, ललित खटीक, रवि भाटी, विशाल सिंह सिसोदिया, तन्मय सेन, ललित खटीक, कान सिंह राजपूत, हरिमोहन जैन, महेंद्र रेगर, बालाजी महिला मंडल की सदस्य पारस देवी वैष्णव, मीतु शर्मा, प्रतिभा शर्मा, देवी तिवारी सहित शिव भक्त शामिल है। कावड यात्रा की शुरुआत पंडित गोपाल तिवाड़ी ने मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना करवाई।

## टीवी शो एसजीटी के सेमीफाइनल में पहुंचे नवीन जैन नव




किस्मत भीलवाड़ा

**आकोला -** इंडिया के बिगेस्ट टीवी रियलिटी शो एसपीटी हुनर के रंग के सेमीफाइनल राउंड में कवि नवीन जैन नव ने जगह बना ली है। शूटिंग का आयोजन गुड़गांव हरियाणा के तश्री होटल में हुआ । कार्यक्रम का प्रसारण ईश्वर चैनल पर होगा । ज्ञात रहे नवीन इससे पूर्व आईटीएफ,आईजीटीएफ, टैलेंट प्लस, जैसे टीवी रियलिटी शो सहित कवि दरबार ,सतमोला कवियों की चौपाल ,ठहाकों की महफिल जैसे काव्य टीवी कार्यक्रमों में अपनी कविताओं की महक बिखेर चुके है ।

## पालघर जिला महाराष्ट्र में आदर्श जिला बनेगा-वन मंत्री नाइक



किस्मत भीलवाड़ा

**पालघर** महाराष्ट्र के वन मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री गणेश नाइक ने चिकित्सा, शिक्षा, कृषि उद्योग व राजस्व विभाग द्वारा किये जा रहे उल्लेखनी कार्यों के चलते पालघर जिला एक आदर्श जिला बनेगा ऐसा विश्वास व्यक्त किया। मंत्री ने जिला प्रशासन द्वारा आयोजित राजस्व सप्ताह के तहत मुख्य कार्यक्रम में संदेश भेजा। मंत्री ने कहा कि 1 अगस्त से 7 अगस्त तक जिले में महसूल ( राजस्व ) विभाग सप्ताह में ज्यादा से ज्यादा आम जन की समस्या का समाधान कर राहत प्रदान करे। मंत्री ने गुणात्मक कार्य करने पर सभी कार्मिकों को शुभकामना दी। कार्यक्रम में कई आदिवासी लोगों को वन पटे वितरित किए।कार्यक्रम में विधायक राजेंद्र गावित, आदिवासी विकास समिति के अध्यक्ष विवेक पंडित, जिला कलेक्टर डॉ इंदु रानी जाखड़, सी ओ मनोज रानडे, सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# भारत आजाद है किसी से डरने की चिंता करना नहीं चाहिए



संजय गोस्वामी

**कभी भी भारत को किसी भी क्षेत्र में कम आंकना गलत होगा टैलेंटेड लोगो की खान है भारत, तभी अमेरिका के लाख मना करने और उसके सेटेलाईट को मात देकर परमाणु परीक्षण किया और देश में कलाम और चिदंबरम जैसे वैज्ञानिक हुए देश उस समय गर्व से एकता का प्रदर्शन किया और अभी भी भारत को इन सब से चिंता नहीं चैलेन्ज की तरह लेना चाहिए।**

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प आज कल टैरीफ को लेकर चर्चा का विषय बने हुए हैं दरअसल ऑपरेशन सिंदूर के बाद ही राष्ट्रपति ट्रम्प के सीजफायर पर संसद में उनका गुणगान नहीं किया गया और बदले की भावना से रूस से भारत के तेल व्यापार का बहाना बनाकर भारत पर 25परसेंट टैरीफ लगाने का ऐलान कर दिया इससे भारत को चिंता करने की बात नहीं है अटलजी जब प्रधानमंत्री थे तो 1998 में पोखरण परमाणु परीक्षण पर भी आर्थिक प्रतिबंध इससे कहीं अधिक था लेकिन बाद में आर्थिक प्रतिबन्ध को हटाना पड़ा क्योंकि उससे अमेरिका का ही बाजार बन्द हुआ और नुकसान हुआ अब 25 परसेंट लगावो या 100 परसेंट भारत 140 करोड़ जनता का देश है और लोकतान्त्रिक व्यवस्था है अतः हम क्यों डरे भारत एक कृषि प्रधान देश है और हमारे मजदूर वर्ग कोई चोरी से नहीं मेहनत से रोटी के लिए खून पसीना एक कर देता है चाहे गर्मी हो या बरसात और एक आकड़ा के मुताबिक भारत के गरीब और मध्यम वर्ग के लोग बीजेपी को सबसे ज्यादा वोट देते हैं हमारा देश भगवान राम के आदर्शों पर चलने वाला देश है किसी भी देश की अपनी आतंरिक मामलों पर दखल देना हरगिज पसन्द नहीं करेगा भारत माता में हमारी पुरी आस्था है और हमारे जवान जुझारू हैं हमारी टेक्नोलॉजी को पुरी दुनिया लोहा मानती हैं अतः कभी भी भारत को किसी भी क्षेत्र में कम आंकना गलत होगा टैलेंटेड लोगो की खान है भारत, तभी अमेरिका के लाख मना करने और उसके सेटेलाईट को मात देकर परमाणु परीक्षण किया और देश में कलाम और चिदंबरम जैसे वैज्ञानिक हुए देश उस समय गर्व से एकता का प्रदर्शन किया और अभी भी भारत को इन सब से चिंता नहीं चैलेन्ज की तरह लेना चाहिए। इसी पर एक कहानी याद आती है एक बार गिद्धों का एक बड़ा झुंड उड़ता-उड़ता एक टापू पर जा पहुँचा। वह टापू समुद्र के बीचों-बीच था, जहाँ शांति ही शांति थी। मछलियाँ, मेंढक और छोटे समुद्री जीवों की भरमार थी। वहाँ गिद्धों को भोजन की कोई कमी नहीं थी। और सबसे बड़ी बात–टापू पर कोई शिकारी जानवर नहीं था।

गिद्धों को जैसे स्वर्ग मिल गया हो। आरामदायक जीवन, बिना किसी खतरे के। हर दिन मौज-मस्ती, भरपेट भोजन और चैन की नींद। गिद्धों में अधिकतर युवा थे। उन्होंने वहीं बस जाने का मन बना लिया। वे बोले, 'अब जंगल का क्या काम? वहाँ खतरे हैं, मुश्किलें हैं। हम यहीं रहेंगे, यही हमारा भविष्य है।'



लेकिन उसी झुंड में एक बूढ़ा गिद्ध भी था। उसने वह जंगल देखा था जहाँ जीवन कठिन था, लेकिन सच्चा था। उसने शिकारी जानवरों से जूझना सीखा था, भूख में उड़ना सीखा था, और गिरकर उठना सीखा था।एक दिन बूढ़े गिद्ध ने सभा बुलाई। उसने कहा, 'बेटों, यह टापू तुम्हें मजबूत नहीं बना रहा, यह तुम्हें कमजोर कर रहा है। तुम उड़ना भूल चुके हो, पंजे कुंद हो गए हैं, और आँखें आलस की धुंध में धँस चुकी हैं। चलो, लौट चलें जंगल की ओर, जहाँ जीवन कठिन है, लेकिन वो तुम्हें जीवित रहना सिखाता है।'

युवा गिद्ध हँस पड़े। एक ने कहा, 'बाबा, तुम पुरानी सोच के हो। अब जमाना बदल गया है। हमें आराम मिल रहा है, फिर जंगल क्यों लौटें?'

बूढ़े ने बहुत समझाया, लेकिन कोई नहीं माना। वो अकेला ही उड़ गया। समय बीता।

कुछ महीने बाद बूढ़े गिद्ध को अपने पुराने साथियों की याद आई। उसने सोचा, 'देखूं, सब कैसे हैं।' वह वापस टापू पर लौटा। पर वहाँ जो उसने देखा, उससे उसकी आँखें भर आईं।

हर ओर गिद्धों की लाशें पड़ी थीं। कुछ घायल गिद्ध तड़प रहे थे। उसने दौड़कर एक घायल गिद्ध से पूछा, 'ये क्या हो गया?'

घायल गिद्ध की आँखों में पश्चाताप था। उसने कहा,

'बाबा, आपके जाने के कुछ दिन बाद एक जहाज आया। जहाज से कुछ शिकारी कुत्ते इस टापू पर छोड़ दिए गए। पहले तो उन्होंने कुछ नहीं किया, लेकिन फिर उन्हें पता चल गया कि हम उड़ नहीं सकते। हमारे पंजे बेकार हो चुके हैं, नाखून कुंद हो चुके हैं। फिर उन्होंने हम पर हमला किया।।। और एक-एक कर मार डाला। हम चाहकर भी भाग नहीं सके। हमें माफ कर दीजिए, हमने आपकी बात नहीं मानी।।।'

बूढ़े गिद्ध ने सिर झुका लिया। वह जानता था, जो होना था, वह हो चुका है।अतः हमें अपने दम पर मेक इन इंडिया को आगे बढ़ाने की कोशिश में लगे रहना चाहिए भारत आत्मनिर्भर देश है अंग्रेजो को भगाया आजादी में जी रहें हैं हमें किसी देश की धमकी नहीं डरा सकती है।अतः हम खुद ही अपने ताकत और ईमानदारी से मेहनत से उड़ते हैं हमारे पंजे बेकार नहीं हैं, हमारे आदर्श भगवान श्री राम है जिसमें गिद्ध ने भगवान के लिए अपने प्राण भी दे दिए और जटाउ ने तो रावण से सीता माता को रावण से विमान से छुराने के लिए संघर्ष किया और भगवान श्री राम की गोद में अपने प्राण त्याग दिया और उसी के भाई संपाति ने रामेश्वरम के धनुषकोटि से भगवान श्री राम के साथ वानर सेना को देखकर अपने भाई का हाल पूछा और राजा सुग्रीव और सभी वानर सेना सीता माता की खोज में निकलें थे और हताश हो गए थे तभी सम्पाती ने चट्टान के ऊपर से देखकर बता दिया की सीता माता लंका में रावण के अशोकवाटिका में बैठी है और तभी उसने ऐ भी कहा गिद्ध की नजर याने देखने की क्षमता अन्य प्राणियों से काफी अधिक होती है भारत एक ऐसा , देश है जो हजारों वर्षों से युद्ध लड़ता आया, जिसने ज्ञान, बलिदान, तप और त्याग की विरासत पाई थी। लेकिन अब वह टापू के गिद्धों की तरह दूसरे देश के झुण्ड में चलने से अच्छा अपना रास्ता चुने जो आत्मनिर्भर भारत गांधीजी का एक सपना था। भारत के वीर सेना के ऊपर ट्रम्प ने उनकी बहादुरी को बिलकुल दरकिनार कर दिया और अब चाहता है कि मेरा सिक्का भारत में चले ऐ देश के स्वाभिमान का प्रश्न है भारत का एक एक नागरिक अपने मातृभूमि से प्यार करता है सर कटा सकते हैं लेकिन सर झुका सकते नहीं भारत माता के स्वाभिमान की रक्षा के लिए ऑपरेशन सिंदूर में उनकी भूमिका महान थी जिसे देश पर गर्व है। भारत आजाद है किसी से डरने की चिंता करना नहीं है मीडिया और विपक्ष को अब देश में ऑपरेशन सिंदूर के लिए सेना के प्रति रना सकारात्मक होना चाहिए घटना घटी वहाँ कोई सिपाही मौजूद नहीं था और आतंकवादी ने सभी पर्यटक को मार डालें कभी कभी घटना अनजाने में हो जाती है जिसे राज्य सरकार को देखना चाहिए लेकिन उन बीते हुए कल को याद कर किसी पर दोष देकर मीडिया और दूसरे देश में मजाक उड़ाते हैं लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बाद मारे गए पर्यटक को न्याय जरूर मिला जबकी 26/11/2008 में मुंबई में हुए आतंकवादी हमले में केवल आतंकवादी ही मारे गए और कसाब को इतना दिन तक जिन्दा क्यों रखा और यदि बयान देने और सवाल पूछने के बाद आखिर क्या हुआ।

## संपादकीय

### ट्रंप का झटका


दोस्त दोस्त ना रहा। ट्रंप ने आखिर, अपना रंग दिखा ही दिया। इसे भारत को बहुत पहले समझ जाना चाहिए था लेकिन अफसोस हम आज भी ट्रंप से उम्मीदें लगाए हुए हैं जबकि ट्रंप ने शीराजा ही हिला दिया है। कहां तो हम अपने अनुकूल व्यापार समझौते की उम्मीद लगाए बैठे थे पर दोनों देशों के बीच जारी बातचीत में कुछ गतिरोध के बहाने ट्रंप ने भारत पर एक अगस्त से 25प्र. शुल्क लगाने की घोषणा की है। रूस से सैन्य उपकरण और कच्चा तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त जुमार्ना लगाने का भी फैसला किया है। ट्रंप ने यह आश्चर्यजनक घोषणा ऐसे समय की है, जब एक दिन पहले ही भारतीय अधिकारियों ने कहा था कि एक अमेरिकी व्यापार दल व्यापार समझौते पर बातचीत करने के लिए 25 अगस्त से भारत का दौरा करेगा। ट्रंप की इस हरकत को भारत पर अमेरिका की मांगों को मानने के लिए दबाव बनाने की रणनीति के रूप में देखा जा सकता है, जिसने हाल में जापान, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) जैसे प्रमुख साझेदारों के साथ अनुकूल व्यापार समझौते किए हैं। लगता है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पर संसद में चर्चा के दौरान भारत सरकार का यह कहना कि किसी देश ने भारत को युद्धविराम के लिए नहीं कहा था, ट्रंप को अखर गया है। ट्रंप तो अब तक 30 बार कह चुके हैं कि युद्धविराम उन्होंने ही कराया था। लगता है कि ट्रंप भारत को परेशान करने पर उतर आए हैं। उन्होंने सोशल मीड़िया पर एक पोस्ट में भारत की व्यापार नीतियों को अप्रिय करार दे ड़ाला है। ट्रंप ने कहा-सब कुछ ठीक नहीं है! इसलिए भारत को एक अगस्त से 25प्र. शुल्क और रूस से खरीद को लेकर जुमार्ना भी देना होगा। चीन के बाद रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार भारत है। इन अपमानकारी हरकतों के बाद ट्रंप ने भारत को भ्रमित करने की कोशिश की और सोशल मीड़िया पोस्ट में भारत को अपना 'मित्र' बताया। ट्रंप की घोषणा पर भारत ने कोई प्रतिक्रिया नहीं जताई है। दरअसलङ्क भारत दुविधा में है क्योंकि यह स्पष्ट नहीं है कि 25प्र. का शुल्क मौजूदा 10प्र. के मूल शुल्क के अतिरिक्त होगा या नहीं। ट्रंप भरोसे के काबिल नहीं रह गए हैं। याद रखें कि ब्रिक्स बैठक में पारित इस्राइल विरोधी प्रस्ताव के बाद वह पहले ही भारत सहित सभी ब्रिक्स देशों पर 10प्र. शुल्क लगा चुके हैं। अभी तो रूस से तेल व सैन्य सामग्री की खरीद पर लगने वाला शुल्क कितना होगा यह भी साफ नहीं है।

## चिंतन-मनन

### सुख के स्वभाव में डूबो

लगता है, आदमी दुख का खोजी है। दुख को छोड़ता नहीं, दुख को पकड़ता है। दुख को बचाता है। दुख को संवारता है; तिजोरी में संभालकर रखता है। दुख का बीज हाथ पड़ जाए, हीरे की तरह संभालता है। लाख दुख पाए, पर फेंकने की तैयारी नहीं दिखाता। जो लोग कहते हैं आदमी आनंद का खोजी है, लगता है आदमी की तरफ देखते ही नहीं। आदमी दुखवादी है, अन्यथा संसार इतना दुख में क्यों हो! अगर सभी लोग आनंद खोज रहे हैं, तो संसार में आनंद की थोड़ी झलक होती। कुछ को तो मिलता! और कुछ को मिल जाता तो वे बांटते औरों को भी; तो कुछ झलक उनकी आंखों और उनके प्राणों में भी आती। अगर सभी आनंद की तलाश कर रहे हैं, तो लोग एक-दूसरे को इतना दुख क्यों दे रहे हैं। और ऐसा नहीं कि पराए ही दुख देते हों, अपने भी दुख देते हैं। अपने ही दुख देते हैं! शत्रु तो दुख देते ही है; हिसाब रखा है, मित्र कितना दुख देते हैं? जिन्हें तुमसे घृणा है, वे तो दुख देंगे, स्वाभाविक; लेकिन जो कहते हैं तुमसे प्रेम है, उन्होंने कितना दुख दिया, उसका हिसाब रखा है? और अगर हर आदमी दुख दे रहा है, तो एक ही बात का सबूत है कि हर आदमी दुख से भरा है। हम वही देते हैं, जिससे हम भरे हैं। वही तो हमसे बहता है जो हमारे भीतर लगा है। हमारे व्यवहार से दूसरों को दुख मिलता है, क्योंकि हमारे भीतर कड़वाहट है। हम लाख कहें हम प्रेम करते हैं, लेकिन प्रेम के नाम पर भी हम दूसरों के जीवन में नरक निर्मित करते हैं। पति-पत्नियों को देखो, मां-बाप को देखो; बेटे-बच्चों को देखो- सब एक-दूसरे की फांसी लगाए हुए है। ऐसा है। क्यों? और सभी कहते हैं कि हम सुख को खोजते हैं। मेरे पास रोज लोग आते हैं, जो कहते हैं: हम सुख चाहते हैं। अगर तुम सुख चाहते हो तो कोई भी बाधा नहीं है; सुख तो लुट रहा है। सुख तो चारों तरफ मौजूद है। ऐसे ही हो तुम, जैसे सामने गंगा बहती हो और किनारे पर खड़े तुम छाती पीटते हो, चिल्लाते हो: प्यासा हूं, मैं जल चाहता हूं!' झुको और पीओ! गंगा सामने बहती है। और गंगा के लिए तो चाहे दो कदम भी उठाना पड़े, सुख तो उससे भी करीब है। सुख तो तुम्हारा स्वभाव है। डूबो इस स्वभाव में। जिन्होंने भी कभी आनंद पाया है, उन्होंने एक बात निरंतर दोहराई है कि आनंद तुम्हारा जन्मसिद्ध अधिकार है। तुम जिस दिन तय कर लोगे कि आनंदित होना है, उसी क्षण आनंदित हो जाओगे। फिर एक पल की भी देरी नहीं है।

# युवाओं में बढ़ते फास्ट फूड के प्रचलन से उत्पन्न स्वास्थ्य खतरों को रेखांकित करना समय की मांग



योगेश कुमार गोयल



एक जमाना था जब हमारे घरों में माताएं लकड़ी और कोयले से जलते चूल्हे पर रोटी और चावल पकाते और हम सामने बोरा बिछाकर बैठ देखते थे और पलभर में थाली में भोजन परोसा जाता था और हम ग्रहण कर बाहर प्रकृति की गोद में खटिया पर बैठकर या झाड़ों के बीच चक्कर लगाते या अपने कार्य पर चले जाते थे! मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्रआज भी यह देखता हूं कि यही प्रक्रिया हमारे बड़े बुजुर्गों, पिछली पीढ़ियों और कई गांव शहरों में आज भी शुरू है!और खासियत है कि ऐसे लोगों में किसी भी प्रकार की बीमारी का कोई लक्षण नहीं था, पाश्चात्य संस्कृति का कोई लक्षण नहीं था, सीमित जिंदगी और सुखी जिंदगी की वह स्थिति!! आज उस जमाने की बात करें कर कहते हैं न जाने कहां गए वो दिन!! इस प्रकार की पुरानी यादों की बात वरिष्ठ नागरिक करते हैं तो सुनकर बहुत आश्चर्य और अच्छा लगता है!!! उत्साह होता है कि ऐसी सुखी जिंदगी जीने की!! यह थी टिकाऊ जीवन शैली!!

साथियों बात अगर हम वर्तमान जीवन शैली की करें तो इसके लिए उपरोक्त पुरानी टिकाऊ जीवन शैली की चर्चा करना बेहद जरूरी था जिसकी प्रित्यक्ष रिपोटिंग मैंने बुजुर्गों से की इसी जीवन शैली का नतीजा हमारे सामने माननीय पीएम द्वारा उल्लेखित 126 वर्षीय पदम पुरस्कार से सम्मानित बाबा शिवानंद का है जो पूरे विश्व के सामने एक मिसाल कायम है।

साथियों बात अगर हम वर्तमान निष्क्रिय जीवन शैली और अस्वास्थकर आहार की करें तो वर्तमान में हम देख रहे हैं कि अनेक चाइनीस फूड, पिज्जा जैसे सैकड़ों ऐसे फास्ट फूड हैं जिसपर आहार के रूप में हमारी निर्भरता बढ़ गई है हमनें हर दिन या हर दूसरे तीसरे दिन इनको ग्रहण करने के का प्रचलन कायम कर दिए हैं।

हालांकि यह फास्ट फूड ग्रहण करने का हमारा विरोध या टीकाटिप्पणी नहीं है परंतु हमारा उद्देश्य अस्वास्थ्यकर आहरों की आदत से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना है क्योंकि अगर हम दशकों पुराने जमाने और आज के जमाने की निरंतर बढ़ती खाई, अस्वास्थ्यता, बीमारियों का प्रकोप, स्वास्थ्य स्थिरता, शारीरिक कष्ट इत्यादि सैकड़ों स्वास्थ्य खतरों की करें तो यह समस्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है।

अगर हम खासकर वर्तमान पीढ़ी, देश का भविष्य बच्चों और युवाओं को इस बढ़ते फास्ट फूड के प्रचलन से उत्पन्न स्वास्थ्य खतरों को रेखांकित नहीं करा पाए तो यह गैप बहुत बढ़ जाएगी और हमारी ओरिजिनल भारतीय आहार संस्कृति, टिकाऊ जीवन शैली, विलुप्तता की ओर बढ़ने लगेगी इसलिए समय आ गया है कि हम युवाओं में इसके प्रति जागरूकता अभियान चलाकर उन्हें सचेत करें।

साथियों बात अगर हम पुरानी टिकाऊ जीवन शैली और वर्तमान जीवन शैली के अंतर की करें तो हमने कई बार सुना होगा,, दादा जी तुम तो पुरानी मजबूत हड्डियों से बने हो! तुम्हारे पास पुराने ही घी मक्खन की ताकत है!! तुम पुराने जमाने के सोने के अंडे खाए!! लाभ पाए हो!!! इत्यादि इत्यादि बातें हम करते हैं जो बिल्कुल सच है परंतु यह असर कोई शक्तिशाली विटामिन का नहीं बल्कि टिकाऊ जीवन शैली, स्वास्थ्यकर आहार, नियमित कसरत, अपार मेहनत, प्रकृति की गोद में बिताए लम्हों की ताकत है जो स्वास्थ्य और शरीर को मजबूत और टिकाऊ बनाए हुए हैं इसीलिए हर बड़े बुजुर्ग का कर्तव्य है कि वह अपने मार्गदर्शन से एक सामाजिक टीम खड़ी कर युवाओं को हेल्दी फूड स्वस्थ्य आहार की आदत, पाश्चात्य जीवन शैली का त्याग, तेजी से बदलती जलवायु परिवर्तन के घातक परिणामों से सबक जैसे अनेक मुद्दों को रेखांकित कर युवाओं को मार्गदर्शन, जन जागरण अभियान चलाकर प्रेरित करें।

साथियों बात अगर हम अस्वास्थ्यकर आहार के खतरों पर देश में बने कानूनों, नियमों, विनियमों, राज्य स्तरीय कानूनों, शासन, प्रशासन की करें तो हालांकि उपभोक्ता कानून सहित अनेक नियमों कानूनों में इस संबंध में सख्त धाराएं हैं परंतु जरूरत उस सख्ती के साथकानून लागू करनें की, जनता को जागृत करने की, अधिकारियों में जांबाजी और जज्बे की, जिसके बल पर कुछ कानून का सहारा, कुछ जनजागरण का सहारा, प्रोत्साहन, सतर्कता इत्यादि के बल पर हम इन से बचकर एक टिकाऊ जीवन शैली,स्वास्थ्यकर आहार, आदतों को अपनाकर अपने शरीर, स्वास्थ्य, जीवन को सुरक्षित और सकारात्मक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं।

साथियों बात अगर हम दिनांक 10 अप्रैल 2022 को माननीय उपराष्ट्रपति द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो इस विषय पर उन्होंने भी कहा, भारत में गैर-संचारी रोगों में वृद्धि की चिंताजनक रूझान को रेखांकित करते हुए उन्होंने निजी क्षेत्र में चिकित्सा संस्थाओं से लोगों, विशेष रूप से युवाओं के बीच एक निष्क्रिय जीवन शैली और अस्वास्थ्यकर आहार की आदतों से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता पैदा करने का आग्रह किया। उन्होंने लोगों से निष्क्रिय जीवन शैली का त्याग करने और स्वस्थ जीवन जीने का तरीका अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी और तेजी से बदलती जलवायु हमें हमारी आदतों और जीवन के तरीके के बारे में कई सबक सिखाती है। उन्होंने प्रकृति की गोद में अधिक समय व्यतीत करने और अधिक टिकाऊ जीवन शैली अपनाने की अपील की।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि टिकाऊ जीवन शैली अपनाएं। निष्क्रिय जीवन शैली और अस्वास्थ्यकर आहार की आदतों से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता पैदा करना जरूरी है। युवाओं के बढ़ते फास्ट फूड के प्रचलन से उत्पन्न स्वास्थ्य खतरों को रेखांकित करना समय की मांग है।

(संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी)

# मुद्दाः हर किसी की भाषा से जुड़ना होगा



विवेक शुक्ला

भारत में अपने देश की भाषाओं को लेकर होने वाले विवाद को लेकर हम सब खबरें पढ़ते रहते हैं। इस मसले पर सियासत भी खूब होती है। तो इस समस्या का हल क्या है? सच पूछा जाए तो भाषा के मसले पर विवादों का एकमात्र हल है कि हम अपनी मातृ भाषा के अलावा भी किसी प्रांत की जुबान पढ़ें और सीखें। एक उदाहरण लीजिए। सुष्मिता बोस और अमना जकी राजधानी के अपने स्कूल की लाइब्रेरी के बाहर धारा प्रवाह पंजाबी में बातचीत कर रही थीं। इनके बीच संवाद को सुन कर कोई कह नहीं सकता था कि दोनों की मातृ भाषा पंजाबी नहीं है। बांग्लाभाषी सुष्मिता और अमना के घर में उर्दू या कहें हिन्दुस्तानी बोली जाती हैं। दोनों ने पंजाबी लिखना-बोलना राजधानी के अपने दशमेश पब्लिक स्कूल, विवेक विहार में सीखा। इधर पंजाबी भाषा सभी बच्चों को आठवीं कक्षा तक अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ाई जाती है।

अगर सारे देश के स्कूलों के बच्चे अपनी मातृ भाषा के अलावा किसी अन्य राज्य की भाषा भी पढ़ें और सीखें तो कितना अच्छा हो। मुंबई के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को तमिलङ्क बांग्ला, असमिया आदि जुबानें सीखने का अवसर मिले और तमिलनाडु के बच्चों को पंजाबी, हिन्दी, मलयाली आदि भाषाएं सीखने का विकल्प हो। दशमेश पब्लिक स्कूल की मैनेजिंग कमेटी के चेयरमैन सरदार बलबीर सिंह विवेक विहार कहते हैं कि भारत में 22 आधिकारिक भाषाएं और सैकड़ों बोलियां बोली जाती हैं, जो इसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दशार्ती हैं। लेकिन यह विविधता कभी-कभी क्षेत्रीय और भाषाई दीवारें भी खड़ी कर देती है, जो लोगों के बीच आपसी समझ और एकता को कमजोर कर सकती है।

इस संदर्भ में, भारत के स्कूलों में विभिन्न प्रांतों की भाषाओं को पढ़ाने की अवधारणा न केवल एक शैक्षिक सुधार है, बल्कि यह सामाजिक-सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने का प्रभावी माध्यम भी हो सकता है। प्रत्येक भाषा अपने साथ साहित्य, परंपराएं, और जीवनशैली की अनूठी झलक लेकर आती है। उदाहरण के लिए, बांग्ला भाषा रबींद्रनाथ टैगोर और बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जैसे साहित्यकारों की विरासत को समेटे हुए है, तो पंजाबी भाषा गुरबानी और लोक संगीत की जीवंतता दशार्ती है। इसी तरह, असमिया और मलयालम जैसी भाषाएं अपनी साहित्यिक-सांस्कृतिक गहराई के लिए जानी जाती हैं। एक बांग्लाभाषी बच्चा, जो पंजाबी सीखता है, न केवल भाषा सीखेगा, बल्कि पंजाब के इतिहास, सिख संस्कृति और वहां के लोक नृत्यों जैसे भांगड़ा को भी समझेगा। इसी तरह, हिन्दीभाषी बच्चा, जो असमिया सीखता है, असम के चाय बागानों, बिहू नृत्य और वहां की प्राकृतिक सुंदरता से भी परिचित होगा।

यह प्रक्रिया बच्चों में एक-दूसरे के प्रति सहानुभूति और सम्मान विकसित करेगी जो राष्ट्रीय एकता की नींव बन सकती है। जो बच्चे एक से अधिक भाषाएं सीखते हैं, उनकी संज्ञानात्मक लचीलापन, समस्या-समाधान क्षमता और रचनात्मक सोच में वृद्धि होती है। भारत जैसे बहुभाषी देश, जहां हर कुछ सौ किमी. पर भाषा और बोली बदल जाती है, में बच्चों को विभिन्न भाषाएं सिखाने से उनकी बौद्धिक क्षमता बढ़ेगी। उदाहरण के लिए, मलयाली बच्चों को हिन्दी पढ़ाने से न केवल उन्हें नई भाषा सीखने का अवसर मिलेगा, बल्कि यह उन्हें उत्तर भारत की संस्कृति-साहित्य से भी जोड़ेगा। हिन्दी, जो भारत की राजभाषा है, देश के कई हिस्सों में संवाद का प्रमुख माध्यम है। मलयाली बच्चे जब हिन्दी सीखेंगे तो हिन्दी साहित्य के महान कवियों जैसे सूरदास, तुलसीदास, और प्रेमचंद की रचनाओं से परिचित होंगे। यह उनके लिए एक नई सांस्कृतिक खिड़की खोलेगा।

भारत में क्षेत्रीयता और भाषाई पहचान कई बार सामाजिक तनाव का कारण बनती है। जब एक बांग्लाभाषी बच्चा पंजाबी सीखता है, तो न केवल भाषा सीखता है, बल्कि पंजाब की संस्कृति, त्योहारों और जीवनशैली को भी समझता है। बहुभाषी शिक्षा के व्यावहारिक लाभ भी कम नहीं हैं। भारत तेजी से वैश्विक होता देश है, जहां नौकरी और व्यापार के अवसर अब क्षेत्रीय सीमाओं से परे हैं। विभिन्न भाषाओं का ज्ञान बच्चों को भविष्य में बेहतर अवसर प्रदान कर सकता है। पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्र में भी बहुभाषी शिक्षा महत्त्वपूर्ण भूमिका




निभा सकती है।

हालांकि विभिन्न प्रांतों की भाषाओं को स्कूलों में पढ़ाने का विचार आकर्षक है, लेकिन इसके कार्यान्वयन में चुनौतियां भी हैं। कई स्कूलों में संसाधनों की कमी है। विभिन्न भाषाओं को पढ़ाने के लिए योग्य शिक्षकों की आवश्यकता होगी जो चुनौती हो सकती है। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए कुछ व्यावहारिक कदम उठाए जा सकते हैं। सबसे पहले, स्कूलों में भाषा शिक्षा को वैकल्पिक विषय के रूप में शुरू किया जा सकता है, ताकि छात्र अपनी रु चि के अनुसार भाषा चुन सकें। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश, जहां भाषा और संस्कृति लोगों को जोड़ने के साथ-साथ अलग भी करती हैं, में बहुभाषी शिक्षा एकता की दिशा में मह'वपूर्ण कदम हो सकती है।

## हिमाचल की लाहौल घाटी में फटा बादल

# लेह-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग के ऊपर से बहने लगा सैलाब, आवाजाही ठप, बीआरओ कैंप में घुसा मलबा

लाहौल घाटी के जिला मुख्यालय केलांग से करीब 10 किमी दूर जिस्पा के पास ग्रेफ कैंप क्षेत्र में शुक्रवार को ऊपर पहाड़ों में बादल फटने से मसेरन नाले में मलबे की बाढ़ आ गई। इस दौरान बड़े बड़े पत्थर नाले में बहते हुए नजर आए। वहीं, मलबा और पानी मनाली केलांग-दारचा-सारचू-लेह सड़क मार्ग पर बहने लगा और फिर आवाजाही ठप हो गई।

एजेंसी ▶▶ लाहौल

हिमाचल प्रदेश की लाहौल घाटी में बादल फटने से लेह मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया। हालांकि, किसी की जान को नुकसान नहीं हुआ है। लेकिन सीमा सड़क संगठन (बीआओ) के कैंप में मलबा घुसा है और यहां पर मौजूद जवानों ने भागकर जान बचाई। जानकारी के अनुसार, लाहौल घाटी के जिला मुख्यालय केलांग से करीब 10 किमी दूर जिस्पा के पास ग्रेफ कैंप क्षेत्र में शुक्रवार को ऊपर पहाड़ों में बादल फटने से मसेरन नाले में मलबे की बाढ़ आ गई।

इस दौरान बड़े बड़े पत्थर नाले में बहते हुए नजर आए। वहीं, मलबा और पानी मनाली केलांग-दारचा-सारचू-लेह सड़क मार्ग पर बहने लगा और फिर आवाजाही ठप हो गई। बादल फटने के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और लोगों में दहशत का माहौल है।

1 मसेरन नाले में मलबे की बाढ़ में बड़े पत्थर बहे

2 दहशत में लोग, जान-माल का नुकसान नहीं

**धुंधी के पास जमीन धंसी**

लेह मनाली हाईवे अटल टनल से चार किमी पहले धुंधी के पास पुल से पहले बंद है। यहां पर जमीन धंस गई है। सुबह वन वे रास्ता खुला था, लेकिन फिर से लैंडस्लाइड के चलते बंद हो गया है। ऐसे में अब केलांग की तरफ जाने के लिए लोगों को रोहतांग पास होकर जाना पड़ रहा है। लाहौल स्पीति पुलिस ने बताया कि भूस्खलन के चलते सड़क बंद हो गई है और टनल के नॉर्थ पोर्टल और सोलंग बैरियर पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है।


सड़क पर मलबा आने से लेह मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया।

### सड़क बहाली काम में जुटा बीआरओ

घाटी में बीती रात से रुक-रुक कर बारिश हो रही थी, लेकिन सुबह जिस्पा क्षेत्र में अचानक तेज गर्जना के साथ भारी पानी आया, जिससे ग्रेफ कैंप के पास मलबा और पानी भर गया। बीआरओ की टीमें मौके पर पहुंचकर सड़क बहाली के कार्य में जुट गई हैं। प्रशासन ने लोगों से अनावश्यक यात्रा न करने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। लाहौल स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने बताया कि जिसपा, यांगला एवं तिन्दी मुख्य मार्ग में बादल फटने एवं बाढ़ की घटनाएं सामने आई हैं। जिस्पा एवं तिन्दी में बीआरओ की ओर से सड़क बहाली का कार्य शुरू हो चुका है।

### अमरनाथ यात्रा 3 अगस्त तक रोकी

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा को तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर तीन अगस्त तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। भारी बारिश के बाद तीर्थयात्रा के दोनों मार्गों पर मरम्मत और रखरखाव का काम जारी होने के कारण यह कदम उठाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार सुबह पहलगाम मार्ग से तीर्थयात्रा स्थगित रही और तीर्थयात्रियों के किसी नए जत्थे को गुफा मंदिर की ओर जाने की अनुमति नहीं दी गई, जबकि बालटाल मार्ग से यात्रा की अनुमति दी गई।

### भूस्खलन से 317 सड़कें बाधित

हिमाचल प्रदेश में लगातार जारी बारिश के कारण जगह-जगह भूस्खलन से कई इलाकों में सड़कें, बिजली व पेयजल आपूर्ति ठप है। राज्य में शुक्रवार सुबह 10:00 बजे तक 317 सड़कें बाधित रहीं। इसके अतिरिक्त 360 बिजली ट्रांसफार्मर व 259 जल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हैं। सबसे ज्यादा 174 सड़कें आपदा प्रभावित मंडी जिले में बंद हैं। चंबा जिले में 142 बिजली ट्रांसफार्मर व कांगड़ा में 134 जल आपूर्ति योजनाएं प्रभावित हैं।

### सारना गांव में मकान जमींदोज

विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के अंतर्गत बोडू सारना पंचायत के सारना गांव के निवासी ओम प्रकाश का आशियाना भारी बारिश के कारण गिरा गया। हादसे में किसी भी व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई है। यह हादसा शुक्रवार सुबह करीब चार बजे हुआ। मंडी में पंडोह बांध के पास भूस्खलन के बाद चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध हो गया है।



## खबर संक्षेप


### गूगल पर कोर्ट ने लगाया 10 लाख रुपए का जुर्माना!

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना में एक पुलिस अफसर की निजता भंग करना गूगल के लिए महंगा साबित हुआ। कोर्ट ने गूगल को 12,500 डॉलर (लगभग 10.8 लाख रुपए) का मुआवजा देने का आदेश दिया। दरअसल, गूगल स्ट्रीट व्यू कार ने 2017 में उस अफसर की एक पूरी तरह नग्न तस्वीर उसके घर के पिछवाड़े से खींच ली थी। हैरानी की बात यह रही कि उस समय अफसर अपने निजी परिसर में मौजूद था, जिसकी चारों ओर 6 फीट 6 इंच ऊंची दीवार थी।



### कुलगाम में आतंकियों को घेरा, मुठभेड़ जारी

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के कुलगाम इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। सेना के जवानों ने पूरे इलाके को घेर लिया है। दोनों तरफ से गोलीबारी जारी है। 2-3 आतंकियों के घिरे होने की सूचना मिली है। जम्मू-कश्मीर जोन पुलिस ने जानकारी देते हुए कहा कि कुलगाम जिले के अखल इलाके में मुठभेड़ शुरू हुई है। एसओजी, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ के जवान मौके पर डटे हुए हैं। दोनों तरफ से फायरिंग जारी है।



# बिना ब्रेक की जुबान बिगाड़ सकती हमारे जन्मोजन्म, वाणी के साथ रखे विवेक- महाप्रज्ञाजी म.सा.

## साध्वी पद्मकीर्तिजी म.सा. ने सम्पन्न कराई पद्मावति एकासन आराधना विधि

किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा,1 अगस्त।** कुदरत का सबसे बड़ा उपहार वाणी है। वाणी ही मनुष्य को पशु जगत से अलग करती है। वाणी संसार की सबसे बड़ी दौलत है। वाणी से ही मनुष्य के परिवार ओर संस्कारों का परिचय हो पाता है ओर इसके माध्यम से ही उसके ज्ञान ओर अज्ञानता का अहसास होता है। वाणी के साथ विवेक का उपयोग जरूरी है। वाणी प्रेम की डाली है जो बिछड़े पंछी को भी मिला देती है तो वाणी ही मित्र ओर शत्रु भी बनाती है। ये विचार अनुष्ठान आराधिका ज्योतिष चन्द्रिका महासाध्वी डॉ. कुमुदलताजी म.सा. के सानिध्य में आध्यात्मिक चातुर्मास आयोजन समिति द्वारा सुभाषनगर श्रीसंघ के तत्वावधान में दिवाकर कमला दरबार में शुक्रवार को धर्मसभा में स्वर साम्राज्ञी महासाध्वी महाप्रज्ञाजी म.सा.ने वाणी सृष्टि का सबसे बड़ा चमत्कार विषय पर चर्चा करते हुए व्यक्त किए। साध्वी महाप्रज्ञाजी ने अनावश्यक नहीं बोलने की सीख देते हुए कहा कि तीर्थंकरों की वाणी केवलज्ञान होने के बाद ही सुनाई देती है। भगवान महावीर की वाणी आगम ओर भगवान कृष्ण की वाणी गीता बन गए। वाणी के माध्यम से ही स्वर्ग ओर नरक के बंधन हो सकते है इसलिए हमेशा सोच विचारकर बोलना चाहिए। बिना ब्रेक की कार से शरीर को खतरा ओर बिना ब्रेक की जुबान हमारे जन्मो जन्म खतरे में डाल सकती है। धर्मसभा में महासाध्वी कुमुदलताजी म.सा. ने कहा कि 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक होने से उनके चरणों में श्रद्धापुष्प अर्पित करते है।





धर्मसभा में वास्तुशिल्पी पद्मकीर्तिजी म.सा. ने सुखविपाक सूत्र का वाचन करते हुए कहा कि इसका स्वाध्याय जीवन में बदलाव का माध्यम बन सकता है। ये सूत्र जीवन को किस तरह जीना चाहिए इसकी जानकारी देता है। जिसने सुखविपाक सूत्र के भावों को समझ अंगीकार कर लिया उसका जीवन सार्थक हो जाता है। धर्मसभा में विद्याभिलाषी साध्वी राजकीर्तिजी म.सा. का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। धर्मसभा में चित्तौड़गढ़ निवासी पायल जैन ने साध्वी कुमुदलताजी म.सा. के मुखारबिंद से अठाई तप के प्रत्याख्यान लिए तो हर्ष-हर्ष के जयकारे गूंज उठे।तपस्वी बहन का स्वागत तपस्या की बोली लेने वालों के साथ चातुर्मास महिला मण्डल की अध्यक्ष निर्मला भड़कत्या,लीला सुराणा एवं चित्तौड़गढ़ निवासी डॉ. सुशीला लढ़ा ने किया। पूज्य महासाध्वी कुमुदलताजी म.सा. के सानिध्य में शुक्रवार को सुबह प्रवचन के बाद एकासन विधि सम्पन्न कराई गई। माता पद्मावती की आराधना करते हुए एकासन विधि वास्तुशिल्पी साध्वी पद्मकीर्तिजी म.सा. ने सम्पन्न कराई। उन्होंने बताया कि चातुर्मास में 16 शुक्रवार को पद्मावती एकासन कराने का क्या महत्व है ओर जीवन में इससे किस तरह के बदलाव महसूस किए जा सकते है। चातुर्मासिक पद्मावती एकासन आरधना को लेकर उत्साह का माहौल रहा ओर भीलवाड़ा शहर व आसपास के क्षेत्रों से 550 से अधिक श्रावक-श्राविकाएं इसमें शामिल हुए। चातुर्मासिक साप्ताहिक पद्मावत एकासन आराधना का लाभ सुरेशकुमार, किरणकुमार, संपतलाल डांगी परिवार चित्तौड़गढ़, विपुल, शुभम, नेहा, रिया चौधरी परिवार (नंदराय वाले) एवं एक गुरूभक्त गुप्त परिवार ने प्राप्त किया। लाभार्थी परिवारों का आध्यात्मिक चातुर्मास आयोजन समिति द्वारा स्वागत बहुमान किया गया। धर्मसभा में जोधपुर से पधारे साध्वी पद्मकीर्तिजी म.सा. के सांसारिक पिता पदमचंदजी बोहरा, चित्तौड़गढ़ से आए डॉ. सुशीला लढ़ा, रतनलाल कर्णावट,मुंबई के महेन्द्र चपलोत, नरेन्द्र पीपाड़ा आदि अतिथियों का स्वागत आध्यात्मिक चातुर्मास आयोजन समिति के अध्यक्ष दौलतमल भड़कत्या, सुभाषनगर श्रीसंघ के अध्यक्ष हेमन्त कोठारी,बंशीलाल बोहरा,विक्रम डूंगरवाल, अनिल कोठारी आदि पदाधिकारियों द्वारा किया गया। संचालन चातुर्मास समिति के सचिव राजेन्द्र सुराना ने किया। धर्मसभा में भीलवाड़ा के विभिन्न क्षेत्रों सहित कई स्थानों से आए श्रावक-श्राविकाएं मौजूद थे।एकासन कराने की व्यवस्था में भारतीय जैन संगठना(बीजेएस) के सदस्यों ने सेवाएं प्रदान की।

**लोकसभा में बोले विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह**

# अमेरिका से एफ-35 लड़ाकू विमानों की खरीद को लेकर नहीं हुई कोई बातचीत



### देश के लिए मुफीद नहीं एफ-35 की खरीद का ये रक्षा सौदा

▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान और चीन की सीमाओं से दो मोर्चों पर एक साथ मिलती युद्ध की चुनौती और भारतीय वायुसेना के युद्धक जखीरे से लगातार घटते जा रहे लड़ाकू विमानों की गंभीर समस्या के बीच शुक्रवार को भारत का एक आधिकारिक जवाब सामने आया है। जिसमें कहीं और नहीं बल्कि संसद में यह कहा गया है कि भारत-अमेरिका के बीच अब तक पांचवीं पीढ़ी के एफ-35 स्टेल्थ लड़ाकू विमानों की बिक्री को लेकर औपचारिक रूप से कोई बातचीत नहीं हुई है।

यह जानकारी विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने लोकसभा में एक प्रश्न के जवाब में दी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी लड़ाकू विमान की बिक्री को लेकर भारत और अमेरिका के बीच कोई आधिकारिक संवाद नहीं हुआ है। ज्ञात हो कि इस साल फरवरी महीने में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को एफ-35 लड़ाकू विमानों की बिक्री को लेकर इच्छा जताई थी।

### भारत को नहीं चाहिए एफ-35, सु-57?

उधर, सूत्रों ने कहा कि मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य के बीच भारत के लिए न तो अमेरिकी स्टेल्थ लड़ाकू विमान एफ-35 फायदे का सौदा होगा और न ही रूस का सु-57 लड़ाकू विमान। अमेरिकी विमान कीमत के नजरिए से काफी महंगा है। जिसकी खरीद होने पर भारत को अपने सैन्य इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़े पैमाने पर बदलाव करना पड़ेगा, इसके ठिकाने यानी बेस अलग होंगे। कंप्यूटर व विमान पर नियंत्रण से जुड़ी अन्य सिस्टम अलग होंगे। सौदे में तकनीक हस्तांतरण की गुंजाइश बेहद कम है। ऐसे में इस दिशा में आगे बढ़ना किसी भी नजरिए से फायदेमंद साबित नहीं होगा। इसके अलावा अमेरिका द्वारा किसी अन्य देश को दिए जाने वाले अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों में प्रयोग की जाने वाली किल बटन तकनीक भी भारत के लिए इसे लेकर बनी हुई बड़ी अरुचि में शामिल है। किल बटन में विक्रेता देश विमान की तमाम गतिविधियों (हमलावर, निगरानी मिशन के दौरान विमान के टेकऑफ, लैंडिंग को लेकर रुख शामिल) को अपने मनमाफिक नियंत्रित करता है। जबकि दूसरी ओर रूस का सु-57 लड़ाकू विमान के पांचवीं पीढ़ी का और स्टेल्थ होने में संदेह बना हुआ है। साथ ही ये काफी शोर करता है और केवल डॉग फाइट के लिए ही उचित है। इस हिसाब से भारत अन्य विकल्पों (फ्रांस से विमानों की खरीद) जैसे स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान के विकास (एम्का) और अन्य देशों से इनकी खरीद पर विचार कर सकता है।



### एयरो इंडिया शो में भरी थी उड़ान


अमेरिका के एफ-35 और रूस के सु-57 लड़ाकू विमान पहली बार भारत की धरती पर इस साल की शुरुआत में बेंगलुरु में हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर के वैमानिकी शो एयरो इंडिया-2025 में एक साथ नजर आए थे। इतना ही नहीं दोनों ने बेंगलुरू के आसमान को अपनी हवाई गर्जना से गुंजायमान करते हुए अपने युद्ध कौशल को भी सबके सामने प्रदर्शित किया था।

**पुतिन के करीबी की धमकी से भड़के ट्रंप**

# दो परमाणु पनडुब्बियों को रूस के पास तैनात करने का दिया आदेश

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को दो परमाणु पनडुब्बियों को रूस के पास तैनात करने का आदेश दिया है।



ट्रंप के द्वारा ये आदेश पूर्व रूसी राष्ट्रपति और वर्तमान में रूस की सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव की धमकियों के जवाब में दिया गया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर पोस्ट करते हुए ट्रंप ने लिखा कि रूस के पूर्व राष्ट्रपति और वर्तमान में रूस की सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव के भड़काऊ बयानों को देखते हुए मैंने दो परमाणु पनडुब्बियों को उपयुक्त क्षेत्रों में तैनात करने का आदेश दिया है। यह एहतियात के तौर पर किया गया है ताकि अगर ये मूर्खतापूर्ण और भड़काऊ बयान केवल शब्दों तक सीमित न रहें तो हम तैयार रहें शब्दों का बहुत महत्व होता है और कई बार ये अनजाने में गंभीर परिणामों की ओर ले जा सकते हैं।

# रूसी सेना में जबरन भर्ती किए गए छात्र को बचाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले के एक मेडिकल छात्र को कथित रूप से जबरन रूसी सेना में भर्ती किए जाने के मामले में एमडीएमके सांसद दुरई वैको ने केंद्र सरकार से तुरंत हस्तक्षेप करने और छात्र की जान बचाने की अपील की है। दुरई वैको ने शुक्रवार को चेन्नई में प्रेस से बात करते हुए बताया कि कुड्डालोर जिले के श्रीमुष्णम के रहने वाला तीसरे वर्ष के मेडिकल छात्र किशोर सरवनन को रूसी पुलिस ने एक नशीली दवा से जुड़े मामले में हिरासत में लिया। यह मामला उन लोगों से जुड़ा था जो किशोर के साथ रह रहे थे, लेकिन किशोर का इसमें कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं था।

उन्होंने कहा कि किशोर पूरी तरह निर्दोष है और उसके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है, इसके बावजूद उसे जेल में डाला गया। उसने कई बार खुद को निर्दोष साबित करने की कोशिश की और उसके परिवार ने भी भारत सरकार से मदद मांगी, लेकिन कोई सहायता नहीं मिली।

### एमडीएमके सांसद की अपील



### छात्र को प्रताड़ित किया जा रहा

सांसद वैको ने बताया कि 12 जुलाई को परिवार को किशोर का एक फोन आया, जिसमें उसने बताया कि उसे शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है, मानसिक रूप से यातना दी जा रही है और जबरन कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवाए जा रहे हैं। किशोर को अब उसकी मर्जी के खिलाफ सैन्य प्रशिक्षण दिया जा रहा है और जल्द ही उसे यूक्रेन में युद्ध के मोर्चे पर भेजा जा सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उसे युद्ध के लिए भेजा गया, तो वह शायद जीवित न लौटे।

### आज युद्ध के मोर्चे पर भेजा जाएगा

किशोर के माता-पिता सरवनन और भामा ने बताया कि अपने बेटे को रूस में पढ़ाई के लिए भेजने के लिए उन्होंने अपनी जमीन तक बेच दी थी। उन्होंन कहा कि अब हमारा बेटा जेल में है। हमें उसकी एक वॉइस मैसेज मिली है जिसमें कहा गया है कि उसे 2 अगस्त को युद्ध के मोर्चे पर भेजा जाएगा। हम दोनों सरकारों (भारत और रूस) से अपील करते हैं कि कृपया हमारे बेटे को बचाएं और उसे तमिलनाडु वापस लाएं।

# फिलीपींस में भारतीय नौसेना का स्वागत



**मनीला।** दक्षिण पूर्व एशिया में भारतीय नौसेना की चल रही परिचालन तैनाती के एक भाग के रूप में, पूर्वी बेड़े के भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस दिल्ली, शक्ति और किल्टन, जिनकी कमान पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग (एफओसीईएफ) रियर एडमिरल सुशील मेनन के हाथों में है, मनीला, फिलीपींस पहुंचे। फिलीपीन नौसेना के कर्मियों ने इन जहाजों का गर्मजोशी से स्वागत किया। जिससे भारत और फिलीपींस के बीच मजबूत और बढ़ते समुद्री संबंधों को बल मिला।

**राज्यसभा में गृह राज्य मंत्री ने साइबर ठगी को लेकर किया बड़ा खुलासा**

# 2024 में जनता की 22 हजार करोड़ से अधिक की गाढ़ी कमाई डूबी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में पिछले 5 साल में साइबर फ्रॉड के मामलों में तेजी से इजाफा हुआ है। गृह मंत्रालय के मुताबिक, 2021 से 30 जून 2025 तक कुल 66 लाख से अधिक साइबर अपराध रिपोर्ट हुए हैं। गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने राज्यसभा में बताया है पिछले पांच साल में साइबर फ्रॉड के मामलों में करीब 900% की बढ़ोतरी हुई है। गृह मंत्रालय के तहत आई4सी की ओर से संचालित राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) और नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी रिपोर्टिंग और प्रबंधन प्रणाली (सीएफसीएफआरएमएस) के अनुसार, 2024 में पूरे देश में साइबर धोखाधड़ी के कारण नागरिकों को होने वाले नुकसान की कुल राशि 22,845.73 करोड़ रुपए थी। ये साल 2023 में सिर्फ 7,465.18 करोड़ रुपए थी।

**24 लाख** लेयर 1 म्यूल खातों को पहचान कर 4631 करोड़ रुपए से अधिक बचाए

**2021 से** 30 जून 2025 तक कुल 66 लाख से अधिक साइबर अपराध रिपोर्ट हुए




### 9.42 लाख से अधिक सिम कार्ड ब्लॉक

*साइबर अपराधियों के खिलाफ सरकार की ओर से की गई कार्रवाई का ब्योरा देते हुए गृह राज्य मंत्री संजय कुमार ने बताया कि पुलिस अधिकारियों की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, अब तक केंद्र सरकार की ओर से 9.42 लाख से अधिक सिम कार्ड और 2,63,348 आईएमईआई ब्लॉक किए जा चुके हैं।*

### 11 लाख से अधिक संदिग्ध खातों की पहचान की

*बैंकों और वित्तीय संस्थानों के सहयोग से आई4सी द्वारा 10 सितंबर, 2024 को साइबर अपराधियों की पहचान के लिए संदिग्ध रजिस्ट्री शुरू की गई थी। अब तक बैंकों से हासिल 11 लाख से अधिक संदिग्ध पहचानकर्ताओं के डाटा और 24 लाख लेयर 1 म्यूल खातों को संदिग्ध रजिस्ट्री की भागीदार संस्थाओं के साथ साझा किया गया है और इससे 4631 करोड़ रुपए से अधिक की बचत हुई है।*




# जॉन अब्राहम की फिल्म तेहरान का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** जॉन अब्राहम की नई फिल्म 'तेहरान' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जो एक सच्ची घटना पर बेस्ड बताई जा रही है। अरुण गोपालन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में जॉन आतंकवादियों के नापाक इरादों को ध्वस्त करते नजर आएंगे। फिल्म में जॉन के साथ मानुषी छिल्लर भी मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 14 अगस्त को ओटीटी पर आ रही है। यह फिल्म एक सच्ची घटना पर बेस्ट रूह कंपा देने वाली कहानी है। अरुण गोपालन निर्देशित इस फिल्म में जॉन अब्राहम अपने धाकड़ अवतार में दिख रहे हैं और आतंकवादियों के नापाक इरादों को ध्वस्त करने के लिए तैनात भी। इस फिल्म पहली बार जॉन एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर के साथ नजर आ रहे हैं। यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। मेकर्स ने ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा है, 'क्या वह देशभक्त था या देशद्रोही?

## लाइफ Style

# मृणाल

## एक्टिंग के लिए बीच में छोड़ दी पढ़ाई

मृणाल ठाकुर सिनेमा की दुनिया का चर्चित नाम हैं। अपनी खूबसूरती और अदाकारी के दम पर उन्होंने दर्शकों के बीच खास जगह बनाई है। मगर, इसके पीछे सिर्फ और सिर्फ उनकी मेहनत और लगन रही है। शुरुआत से ही मृणाल की दिलचस्पी अभिनय की तरफ रही और कहा जाता है कि किसी चीज को शिद्दत से चाहो तो वह मिल ही जाती है। उन्होंने अभिनय में कॅरियर बनाने का सपना देखा और आखिर यह सपना पूरा हुआ।

एजेंसी ⏭ मुंबई

मृणाल ने अपने कॅरियर की शुरुआत साल 2012 में सीरियल 'मुझसे कुछ कहती....ये खामोशियां' से की। उनको जब इस शो का ऑफर मिला, तब वे पढ़ाई कर रही थीं। एक्टिंग में कॅरियर बनाने के लिए मृणाल ने बीच में ही पढ़ाई छोड़ दी। उसने एक्टिंग की शुरुआत घरवालों को बताए बिना की। 'मुझसे कुछ कहती....ये खामोशियां' के बाद मृणाल कई और टीवी सीरियल में नजर आईं। शो 'कुमकुम भाग्य' में काम करने के बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस शो में उन्होंने बुलबुल अरोड़ा का किरदार निभाया था। मृणाल ठाकुर ने देह व्यापार और चाइल्ड ट्रैफिकिंग के मुद्दे पर बनी फिल्म 'लव सोनिया' के जरिए हिंदी सिनेमा में डेब्यू किया। फिल्म शूट करने से पहले मृणाल कोलकाता जाकर कुछ दिन रहीं। वे वहां सोनागाछी रेडलाइट एरिया में गई थीं और देह व्यापार के दलदल में फंसी युवतियों-महिलाओं की जिंदगी को करीब से देखा। बॉलीवुड में मृणाल को फिल्म 'सुपर 30' में ऋतिक रोशन के अपोजिट देखा गया और यहां से उनके कॅरियर ने नई उड़ान भरी। भारत में तो मृणाल ठाकुर की तगड़ी फैन फॉलोइंग है। मगर, जानकार हैरानी होगी कि इंडोनेशिया में भी उनका फैन बेस मजबूत है। यहां तक कि उन्होंने कुछ इंडोनेशियन टीवी शो में भी काम किया है।



## हॉलीवुड मसाला



# ड्यून पार्ट 3 में कंफर्म की अपनी मौजूदगी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेसन मोमोआ ने छह साल बाद पहली बार अपनी दाढ़ी बनवाई है। उन्होंने यह सब अपनी आगामी फिल्म 'ड्यून: पार्ट थ्री' के लिए किया है। आगामी सीक्वल की शूटिंग शुरू होते ही जेसन अपने डंकन इडाहो के कैरेक्टर में वापस आ गए हैं। एक्टर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो अपनी दाढ़ी बनवाते नजर आए हैं। वीडियो में ड्यून के निर्देशक डेनिस को संबोधित करते हुए जेसन ने कहा, 'सिर्फ तुम्हारे लिए डेनिस'। उन्होंने अपनी दाढ़ी पर क्लिपर लगाने के बाद अपनी हॉफ बियर्ड वाले चेहरे पर हाथ रखते हुए कहा कि हे भगवान, मुझे इससे नफरत है। फ्रैंक हर्बर्ट की किताबों में डंकन का किरदार एक क्लोन के रूप में वापस आता है।




# माइकल जैक्सन का यूज किया हुआ गंदा मोजा लाखों में बिका

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार माइकल जैक्सन का एक पुराना, गंदा और दागदार क्रिस्टल वाला मोजा लाखों में बिका है। फ्रांस में नीलामी के दौरान इसकी उम्मीद से अधिक बोली लगी। बताया जा रहा है कि यह मोजा उन्होंने 1997 में 'हिस्ट्री वर्ल्ड टूर' के दौरान नीस में एक कॉन्सर्ट में पहना था। एक स्टेज टेक्नीशियन को जैक्सन के ड्रेसिंग रूम के पास यह मोजा फेंका हुआ मिला था। बताया जाता है कि चूंकि इसे काफी वक्त हो गया इसलिए इस चमकीले मोजे में पीलापन और दाग भी नजर आ रहे थे। वहीं ऑक्शन रखने वालों को इसके $3,400- $4,500 के बीच में बिकने की उम्मीद थी। हालांकि, फैन्स और अनोखी चीजों का शौक रखने वालों ने काफी इंटरेस्ट दिखाया और ये उम्मीद से अधिक महंगा हो गया। पिछले दिनों बुधवार को फ्रांस में रखी गई एक नीलामी में माइकल जैक्सन का ये गंदा और यूज किया हुआ मोजा $8000 डॉलर यानी करीब 7 लाख रुपए में बिका है।



# साउथ से लेकर बॉलीवुड तक का शानदार सफर

**मुंबई।** तापसी पन्नू ने अपने कॅरियर की शुरुआत एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में की थी, लेकिन उनकी किस्मत ने उन्हें ग्लैमर की दुनिया में ला खड़ा किया। साल 2008 में उन्होंने मॉडलिंग शुरू की और फेमिना मिस इंडिया में हिस्सा लिया, जहां उन्हें मिस फ्रेश फेस और मिस ब्यूटीफुल स्किन का खिताब मिला। इसके बाद, 2010 में तेलुगु फिल्म 'झुम्मंडी नादम' से उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। 2011 में तमिल फिल्म 'आदुकलम' ने उन्हें साउथ में पहचान दिलाई। बॉलीवुड में तापसी ने 2013 में चश्मे बद्दूर से डेब्यू किया। लेकिन, असली शोहरत उन्हें 2015 की फिल्म बेबी में सात मिनट के रोल से मिली। इस फिल्म के बाद तापसी ने पिंक, नाम शबाना, मुल्क, थप्पड़, हसीन दिलरुबा, फिर आई हसीन दिलरुबा और डंकी जैसी कई फिल्मों में काम किया और उन्हें बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस में शामिल कर दिया।



# पोस्टमैन में निभाएंगे दिल को छू लेने वाला किरदार

**मुंबई।** संजय मिश्रा ने अपने कॅरियर में जहां कॉमेडी के जरिए दर्शकों को हंसाया है, वहीं संजीदा किरदारों के लिए जरिए आंखें भी नम की हैं। जल्द ही वह एक और संजीदा किरदार फिल्म पोस्टमैन में निभाने वाले हैं। फिल्म के फर्स्ट लुक को संजय मिश्रा ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर शेयर किया है, इसमें वह पोस्टमैन के गेटअप में नजर आ रहे हैं। इसी पोस्ट में फिल्म को लेकर निर्देशक फैजान ए बजमी लिखते हैं, 'हर फिल्म एक स्पॉर्क से शुरू होती है। हमारी फिल्म एक चिट्ठी से शुरू हुई। अपनी फिल्म पोस्टमैन का पहला लुक शेयर करते हुए प्राउड फील हो रहा है। फिल्म पोस्टपैन एक फैसले और संदेश की अहमियत के बारे में बताती हैं। इस फिल्म के निर्देशक फैजान, संजय मिश्रा और बाकी कलाकारों के बारे में कहते हैं, मैं सभी कलाकारों का शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने इस फिल्म में जान फूंक दी है।

## टीवी मसाला



# तुलसी की चर्चा के बीच अनुपमा छा गई, टॉप 5 में दो कॉमिक शो शामिल

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर चर्चा है कि सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' की वापसी के बाद रुपाली गांगुली के सीरियल अनुपमा की पॉपुलैरिटी में कमी आएगी। लेकिन, 29वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में स्थिति इसके उल्ट है। इस हफ्ते रुपाली गांगुली के सीरियल अनुपमा ने टीआरपी लिस्ट में टॉप पर जगह बनाई है। इन दिनों रुपाली गांगुली के सीरियल अनुपमा में लीड कैरेक्टर अनुपमा और उसकी बेटी के बीच तनाव नजर आ रहा है। दोनों के बीच मनमुटाव के कारण दर्शक इस सीरियल को पसंद कर रहे हैं। 29वें हफ्ते में इस सीरियल ने 2.3 की टीआरपी हासिल की है। लगभग 16 साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' इस बार टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर है। सीरियल की टीआरपी इस बार 2.1 रही है। पिछले हफ्ते इस सीरियल ने टॉप पर अपने लिए जगह बनाई थी। 29वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में तीसरे नंबर पर कॉमिक सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा है। इस सीरियल को 1.9 की टीआरपी मिली है। वहीं, लाफ्टर शेफ 2 ने चौथे स्थान पर जगह बनाई है, इसको भी 1.9 की टीआरपी मिली है।

# बिग बॉस 19 में होगी राजनीति और बनेगी घरवालों की सरकार

**नई दिल्ली।** दोस्तों और दुश्मनों हो जाओ तैयार, क्योंकि इस बार घरवालों की सरकार। इस डायलॉग से सलमान खान ने 'बिग बॉस 19' का टीजर रिलीज किया। इस बार शो का कॉन्सेप्ट हटकर होने वाला है। इस बात की झलक सलमान खान ने रियलिटी शो के हालिया जारी किए गए टीजर में दी है। टीजर में सलमान खान किसी नेता की तरह गेटअप लिए दिखे। साथ ही वह घोषणा करते हैं कि इस बार 'बिग बॉस 19' में बहुत सारा फन होने वाला है। शो का कॉन्सेप्ट पॉलिटिक्स से इंस्पायर होगा। जिसमें शो में भाग लेने वाले प्रतियोगी



मिलकर अपनी सरकार बनाएंगे। अब इस सरकार को बनाने के प्रोसेस में क्या-क्या होगा? यही सब रियलिटी शो में देखेन को मिलेगा। 'बिग बॉस 19' 24 अगस्त से शुरू होगा। इस शो को कलर्स चैनल पर 10.30 बजे दिखाया जाएगा। साथ ही दर्शक इसे जियोहॉटस्टार पर भी देख सकते हैं। इस शो में जो प्रतियोगी शामिल हो रहे हैं, उनको लेकर कुछ नामों की चर्चा सोशल मीडिया पर हो रही है। इंफ्लुएंसर अपूर्वा मुखीजा, गौरव खन्ना, धनश्री के नाम सामने आए हैं।

# धड़क 2 में तृप्ति-सिद्धांत के अभिनय ने जीता दिल



**मुंबई।** साल 2018 में आई जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर अभिनीत फिल्म 'धड़क' की अगली कड़ी के रूप में फिल्म 'धड़क 2' शुक्रवार 1 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। यह फिल्म जातिवाद के मुद्दे पर आधारित है। सिद्धांत चतुर्वेदी नीलेश की भूमिका में हैं। वहीं, तृप्ति डिमरी ने विधि का रोल निभाया है। इनकी प्रेम कहानी में जाति बाधा बनकर खड़ी होती है। दोनों सितारों के अभिनय की तारीफ हो रही है। शाजिया इकबाल के निर्देशन में बनी फिल्म 'धड़क 2' को धर्मा प्रोडक्शंस, जी स्टूडियोज और क्लाउड 9 पिक्चर्स के बैनर तले प्रोड्यूस किया गया है। फिल्म को नेटिजन्स से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। सिद्धांत ने अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया है। वहीं, तृप्ति डिमरी का आत्मविश्वास दर्शकों को पसंद आया है। फिल्म की कहानी भी दर्शकों को पसंद आई है। एक यूजर ने लिखा, कुछ कहानियां दिल को छूती हैं और कुछ दिमाग को, मगर धड़क 2 दोनों को छूती है। जातिवाद का मुद्दा शहरों में भी देखने को मिलता है। यह फिल्म ईमानदारी से यह हकीकत बताती है। नेटिजन्स तृप्ति की तारीफ में लिख रहे हैं, 'तृप्ति ने विधि का किरदार इतनी खूबसूरती से अदा किया है कि वे पूरी तरह उसमें ढल गई हैं'। फिल्म 'धड़क 2' तमिल क्लासिक 'परियेरुम पेरुमल' से प्रेरित है, जिसने जाति संबंधी अन्याय को प्रभावी ढंग से दिखाया था। हालांकि, कुछ लोगों सौरभ सचदेवा, विपिन शर्मा और जाकिर हुसैन भी फिल्म में अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म की कहानी और सितारों के अभिनय की तारीफ हो रही है, मगर कुछ दर्शकों का मानना है कि फिल्म में जातिवाद का मुद्दा पूरी गहराई से असर नहीं कर पाया है।

# अजय देवगन और रवि किशन के साथ लगाइए हंसी के ठहाके



**नई दिल्ली।** 2012 में आई फिल्म 'सन ऑफ सरदार'को काफी पसंद किया गया और यह उस साल की 10वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। उस फिल्म में अजय देवगन के साथ संजय दत्त की जोड़ी हिट रही थी, वहीं 13 साल बाद आए इस फिल्म के दूसरे पार्ट 'सन ऑफ सरदार2'में संजय दत्त की जगह अजय के साथ रवि किशन को लिया गया।

इस बार अजय के साथ मृणाल ठाकुर लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आ रही हैं और इन दोनों की केमिस्ट्री आपको पर्दे पर पसंद आने वाली है। वहीं, राजा (रवि किशन) का परिवार भी है, जिसका बेटा सबा से प्यार करता है। राजा पाकिस्तानियों से नफरत करता है, लेकिन उसके बेटे को नहीं पता कि वह जिस लड़की से प्यार करता है, वह पाकिस्तानी है। अब राबिया, जस्सी को, जो अपनी पत्नी से अलग होकर राबिया के घर में रह रहा है, अपनी बहन की बेटी सबा के पिता बनने का नाटक करने के लिए मना लेती है। एक घटना के दौरान राबिया और जस्सी की मुलाकात होती है और फिर दोनों एक-दूसरे को पसंद करने लगते हैं, जिसके बाद राबिया उसे अपने घर में पनाह देती है। जस्सी को राजा के सामने कर्नल बनाकर पेश किया जाता है।

जस्सी की मुश्किलें कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। फिल्म के पहले पार्ट में उन्हें संजय दत्त ने परेशान किया था और अब रवि किशन राजा का किरदार उनकी परेशानियां बढ़ाते दिखे. अजय देवगन फिल्म में अपने पुराने रोल में ही नजर आए हैं और अपना बेस्ट दिया है। पर्दे पर उनके साथ मृणाल ठाकुर खूब जंच रही हैं। रवि किशन से लेकर संजय मिश्रा तक, सभी ने अपने किरदारों से कमाल किया है, लेकिन सबसे दमदार रोल गुल के रूप में दीपक डोबरियाल का होगा।

## अलग-अलग शैलियों की आ रहीं फिल्में और सीरीज

# इस वीकेंड ओटीटी पर मिलेगा भरपूर मनोरंजन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इस हफ्ते सिनेमाघरों में सन ऑफ सरदार 2 और धड़क 2 जैसी फिल्में रिलीज हो गई हैं। लेकिन, अगर आप घर बैठे मनोरंजन करना चाहते हैं, तो ओटीटी पर अलग-अलग जॉनर की कई फिल्में और सीरीज इस वीकेंड आ रही हैं। जिनको आप अपने परिवार के साथ घर बैठे देख सकते हैं।

### हाउसफुल 5

अक्षय कुमार, रितेश देशमुख और अभिषेक बच्चन स्टारर मल्टीस्टारर फिल्म हाउसफुल 5 सिनेमाघरों में रिलीज होने के लगभग दो महीने बाद अब ओटीटी पर स्ट्रीमिंग के लिए तैयार है। फिल्म 1 अगस्त से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो गई है। अगर आपने सिनेमाघरों में ये फिल्म मिस कर दी, तो अब आप इसे घर बैठे देख सकते हैं।

### माय ऑक्सफोर्ड ईयर

1 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर 'माय ऑक्सफोर्ड ईयर' रोमांस और सेल्फ डिस्कवरी के सफर को दिखाया जा रहा है। जहां एक अमेरिकी लड़की का जीवन ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में एक लवस्टोरी की शुरुआत के साथ पूरी तरह से बदल जाता है।



### सितारे जमीन पर

आमिर खान की सुपरहिट फिल्म'सितारे जमीन पर अगर आपने सिनेमाघरों में मिस कर दी तो अब आप इसे घर बैठे परिवार के साथ देख सकते हैं। सितारे जमीन पर 1 अगस्त से यूट्यूब पर पे-पर-व्यू मॉडल के तहत उपलब्ध है। जहां आप इसे देख सकते हैं।

### बकैती

बकैती छोटे गांव की एक प्यारी और दिल को छू लेने वाली कहानी है, जिसमें एक नवविवाहित जोड़ा अपने पारिवारिक रिश्तों और जिम्मेदारियों के बीच तालमेल बिठाने की कोशिश करता है। यह सीरीज 1 अगस्त से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर उपलब्ध है।

### थम्मुडु

एक भाई-बहन की इमोशनल कहानी को एक्शन से जोड़कर दिखाती फिल्म तेलुगु थ्रिलर फिल्म थम्मुडु 1 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है। यह फिल्म प्यार, बलिदान और हिम्मत की एक इमोशनल कहानी दिखाती है।





### चीफ ऑफ वॉर

18वीं सदी के अंत में हवाई की कहानी को दिखाती इस सीरीज में जेसन मोमोआ ने काइआना नाम के योद्धा का किरदार निभाया है। जो विदेशों से अपने घर लौटता है और देखता है कि उसका देश आंतरिक लड़ाई और विदेशी ताकतों के खतरे से घिरा है। 9 एपिसोड की यह सीरीज 1 अगस्त से एप्पल टीवी पर स्ट्रीम हो गई।

# युवा भविष्य को आकार दें, देश तकनीकी क्षेत्र में सुपरपावर बनने की राह पर : मुर्मु



**राष्ट्रपति ने धनबाद स्थित आईआईटी-आईएसएम के 45वें दीक्षांत समारोह को किया संबोधित**


**रांची (भाषा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को देश के प्रतिभाशाली युवाओं से अपनी तकनीकी शिक्षा का उपयोग समाज की भलाई के लिए करने का आह्वान किया और आग्रह किया कि वे अपनी उपलब्धियों को केवल व्यक्तिगत सफलता तक सीमित ना रखें।

झारखंड में धनबाद स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-भारतीय खनि विद्यापीठ (आईआईटी-आईएसएम) के 45वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते समय राष्ट्रपति ने कहा कि देश तकनीकी क्षेत्र में सुपरपावर बनने की दिशा में अग्रसर है। इस मौके पर उन्होंने संस्थान पर विशेष लिफाफे सहित एक विशेष डाक टिकट जारी किया जो संस्थान के 100 गौरवशाली वर्षों की याद दिलाएगा।

मुर्मु ने कहा, ''प्रतिभाशाली युवा मस्तिष्क को भारत के भविष्य को आकार देना चाहिए और सामाजिक एवं राष्ट्रीय मुद्दों को सुलझाने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। एक न्यायपूर्ण भारत, एक हरित भारत के निर्माण के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करें जहां विकास पर्यावरण और प्रकृति की कीमत पर ना हो। भविष्य में आप जो भी करें, उसमें आपकी बुद्धिमत्ता के साथ-साथ आपकी सहानुभूति, उत्कृष्टता और नैतिकता भी झलकनी चाहिए।''

राष्ट्रपति ने कहा कि केवल नवाचार ही नहीं, बल्कि करुणा से प्रेरित नवाचार दुनिया को बेहतर बनाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत एक तकनीकी महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने विद्यार्थियों से नवाचार और 'स्टार्टअप' पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की। राष्ट्रपति ने कहा, ''भारत की सबसे बड़ी ताकत उसके विशाल मानव संसाधन हैं। तकनीकी शिक्षा तक बढ़ती पहुंच और डिजिटल कौशल का प्रसार देश को एक तकनीकी महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर कर रहा है। भारत की शिक्षा प्रणाली को और अधिक व्यावहारिक, नवाचार-केंद्रित और उद्योग-अनुकूल बनाने से देश के युवाओं की प्रतिभा को सही दिशा मिलेगी और वे वैश्विक स्तर पर आगे बढ सकेंगे।'' मुर्मु ने कहा कि देश और दुनिया जलवायु परिवर्तन और संसाधनों की कमी से लेकर डिजिटल व्यवधान और सामाजिक असमानता तक कई जटिल और तेजी से बदलती चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में आईआईटी-आईएसएम जैसे संस्थान का मार्गदर्शन और भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने आईआईटी-आईएसएम से नए और स्थायी समाधान खोजने में अग्रणी भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए अनुसंधान एवं विकास और स्टार्टअप को बढावा देने के साथ-साथ पेटेंट संस्कृति को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। मुर्मू ने कहा कि विद्यार्थियों में समग्र सोच विकसित करने और जटिल समस्याओं के रचनात्मक समाधान खोजने के लिए, शिक्षा में अंतरविषय दृष्टिकोण अपनाना भी बहुत जरूरी है। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे अपने ज्ञान को व्यक्तिगत उन्नति तक सीमित ना रखें, बल्कि इसे सार्वजनिक भलाई का माध्यम बनाएं। उन्होंने 'आदिवासी विकास उत्कृष्टता केंद्र' जैसी पहलों के माध्यम से आदिवासी युवाओं और वंचित महिलाओं को सशक्त करने के लिए आईआईटी-आईएसएम के प्रयासों की सराहना की। दीक्षांत समारोह के दौरान मुर्मू ने कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले बी.टेक स्नातक प्रियांशु शर्मा को राष्ट्रपति स्वर्ण पदक प्रदान किया। वर्ष 2024-25 बैच के कुल 1,880 छात्रों को विभिन्न विषयों में उपाधि (1,055 स्नातक और 711 स्नातकोत्तर) प्रदान की गई। कुल 37 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 35 को रजत पदक प्राप्त हुए। मुर्मू आईआईटी-आईएसएम के दीक्षांत समारोह में शामिल होने वाली दूसरी राष्ट्रपति है। इसके पहले तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने 10 मई, 2014 को आयोजित इस संस्थान के 36वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे। एक अधिकारी ने कहा, ''दीक्षांत समारोह का विशेष महत्व है क्योंकि यह संस्थान के शताब्दी समारोह का एक अहम हिस्सा है, जो विज्ञान, प्रौद्योगिकी और शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के लिए 100 वर्षों के अटूट समर्पण का प्रतीक है।'' वर्ष 1926 में नौ दिसंबर को स्थापित इस संस्थान ने अपनी यात्रा भारतीय खान एवं अनुप्रयुक्त भूविज्ञान विद्यालय के रूप में शुरू की थी। लंदन स्थित रॉयल स्कूल ऑफ माइंस की तर्ज पर इस संस्थान की स्थापना भारत के तेजी से बढते खनन उद्योग के लिए उच्च कुशल पेशेवरों को प्रशिक्षित करने के विशिष्ट उद्देश्य से की गई थी। संस्थान की नींव इसके प्रथम प्रधानाचार्य डेविड पेनमैन के दूरदर्शी मार्गदर्शन में रखी गई थी और इसका औपचारिक उद्घाटन भारत के तत्कालीन वायसराय लॉर्ड इरविन ने किया था।

# निसार मिशन 90 दिन के महत्वपूर्ण कमीशनिंग चरण में पहुंचा



**नासा के प्राकृतिक आपदा अनुसंधान कार्यक्रम के प्रबंधक गेराल्ड डब्ल्यू बावडेन ने निसार की गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की**

**चेन्नई (भाषा)।** नासा और इसरो के बीच सहयोग के तहत शुरू किया गया ऐतिहासिक मिशन निसार अपने महत्वपूर्ण 90-दिवसीय कमीशनिंग चरण में पहुंच गया है। इस दौरान वैज्ञानिक उपग्रह को पूर्ण पैमाने पर पृथ्वी अवलोकन के लिए तैयार करने को लेकर कठोर अन्वेषण, अंशांकन (कैलिब्रेशन) और कक्षीय समायोजन करेंगे। यह महत्वपूर्ण चरण 30 जुलाई को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से जीएसएलवी-एफ16 रॉकेट के माध्यम से रडार इमेजिंग उपग्रह के सफल प्रक्षेपण के बाद शुरू हो रहा है।

नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के पृथ्वी विज्ञान प्रभाग में प्राकृतिक आपदा अनुसंधान के कार्यक्रम के प्रबंधक गेराल्ड डब्ल्यू बावडेन ने निसार की गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया, निसार को 737 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थापित किया गया है और हमें वास्तव में इसे 747 किलोमीटर तक ले जाना है। इन कार्यों में लगभग 45-50 दिन लगेंगे। कमीशनिंग पूरी हो जाने के बाद रडार सक्रिय हो जाएंगे और यह पृथ्वी से डेटा एकत्र करना शुरू कर देंगे। हम हर 12 दिन में इसकी इमेजिंग करेंगे।

इसलिए यह बहुत सारा डेटा है। यह नासा द्वारा किसी भी अन्य मिशन में एकत्र किए गए डेटा से कहीं अधिक है। निसार मिशन के लिए बेंगलुरू स्थित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के साथ सहयोग से हासिल हुई प्रमुख सीख के बारे में वैज्ञानिक ने कहा कि नासा ने इसरो से सीखा कि विज्ञान किस प्रकार समाज की मदद कर सकता है, जबकि दूसरी ओर इसरो को भी नासा के वैज्ञानिक अनुसंधान पर गहन ध्यान से लाभ मिला।

## संक्षिप्त खबरें

### अमेरिका से वार्ता में किसानों के हितों की रक्षा करेंगे : शिवराज

**नई दिल्ली।** कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि सरकार अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता में किसानों के हितों की रक्षा करेगी। मेघालय अनानास महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद चौहान ने संवाददाताओं से कहा, 'हमने स्पष्ट रूप से कहा है कि देश का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों के हितों की रक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि कृषि और डेयरी क्षेत्र की रक्षा की जाएगी। हम कोई भी निर्णय लेते समय देश के हित को ध्यान में रखते है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को भारत से आने वाले सभी सामानों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की थी।

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाने का प्रस्ताव नहीं

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को कहा कि पोषण योजना के तहत कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि का कोई प्रस्ताव नहीं है। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता 'मानद कार्यकर्ता' हैं जो अपने स्थानीय समुदायों में बच्चों की देखभाल और विकास के लिए स्वेच्छा से अपनी सेवाएं प्रदान करती हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार पोषण योजना के तहत कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि के प्रस्ताव पर विचार कर रही है, ठाकुर ने कहा, 'वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।'

### मनरेगा के तहत मजदूरी के लिए 39,595 करोड़ जारी

**नई दिल्ली।** सरकार ने मौजूदा वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत मजदूरी भुगतान के लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को कुल 39,595 करोड़ रुपए जारी किए हैं। ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने राज्यसभा में पूछे गए एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मनरेगा एक मांग आधारित मजदूरी रोजगार योजना है, जिसके अंतर्गत धनराशि जारी करना एक सतत प्रक्रिया है। उन्होंने बताया कि मजदूरी भुगतान की राशि भारत सरकार द्वारा प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के तहत सीधे लाभार्थियों के खातों में स्थानांतरित की जाती है।

# बाराबंकी मंदिर हादसा : एसडीएम हटाए गए, नए अधिकारी ने कार्यभार संभाला

**बाराबंकी (एसएनबी)।** बाराबंकी के अवसानेश्वर मंदिर में हाल ही में हुए हादसे के बाद पहली बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए हैदरगढ़ के उप जिलाधिकारी (एसडीएम) शम्स तबरेज़ खान को उनके पद से हटा दिया गया है। एक आधिकारिक आदेश के अनुसार यह कार्रवाई की गई है। राजेश विश्वकर्मा को हैदरगढ़ का नया एसडीएम नियुक्त किया गया है और उन्होंने बृहस्पतिवार को कार्यभार संभाल लिया।

**पिछले सोमवार को मंदिर में मची भगदड़ में हो गई थी दो लोगों की मौत**

जिला मजिस्ट्रेट शशांक त्रिपाठी ने सावन के पहले दो सोमवारों के दौरान प्रसिद्ध शिव मंदिर में खराब व्यवस्थाओं को लेकर जनता में व्याप्त असंतोष के बाद तबरेज़ के स्थानांतरण का आदेश दिया।

अब उन्हें कलेक्ट्रेट में विशेष भूमि अधिग्रहण अधिकारी के पद पर तैनात किया गया है। हालांकि स्थानीय स्वयंसेवकों और मंदिर समिति के सदस्यों ने सार्वजनिक रूप से शिकायत नहीं की, लेकिन ऐसी अफवाहें है कि एसडीएम तबरेज़ दोनों ही महत्वपूर्ण सोमवारों पर मौजूद नहीं थे। तहसीलदार और नायब तहसीलदार सहित अन्य प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी भी कथित तौर पर अनुपस्थित थे। बृहस्पतिवार शाम को नवनियुक्त एसडीएम राजेश विश्वकर्मा ने अवसानेश्वर मंदिर का दौरा किया, पूजा-अर्चना की और मंदिर परिसर तथा आसपास के मेला मैदान का निरीक्षण किया।

उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश जारी किए। गोमती नदी घाट पर एसडीएम विश्वकर्मा ने घाट पर बैरिकेडिंग करने के आदेश दिए। मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय गिरि, प्रबंधक विनोद गिरि और पुजारी अतुल गोस्वामी के साथ संयुक्त निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि आगामी सोमवार के लिए मंदिर परिसर और उसके आसपास सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए। इसके अतिरिक्त, दो एम्बुलेंस की उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार तड़के बंदरों द्वारा तोड़ा गया एक बिजली का तार टिन शेड पर गिरने से मंदिर में मची भगदड़ में दो लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य घायल हो गए थे। तार गिरने से टिन शेड में करंट फैल गया था जिससे मंदिर परिसर में अफरा-तफरी और भगदड़ मच गई।

# मानव तस्करी-धर्मांतरण में गिरफ्तार दो ननों की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**बिलासपुर (भाषा)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को केरल की दो नन समेत तीन लोगों द्वारा दायर जमानत याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

अधिवक्ताओं ने बताया कि तीनों को मानव तस्करी और जबरन धर्मांतरण के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि सुनवाई के दौरान सरकारी वकील दाऊराम चंद्रवंशी ने जमानत याचिका का विरोध किया और कहा कि मामले की जांच अभी शुरुआती चरण में है। उन्होंने बताया कि यह सुनवाई प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एनआईए कोर्ट) सिराजुद्दीन कुरैशी की अदालत में हुई।

रेलवे पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बजरंग दल के स्थानीय पदाधिकारी की शिकायत पर 25 जुलाई को शासकीय रेल पुलिस ने प्रीति मैरी और वंदना फ्रांसिस नामक दो नन के साथ सुकमन मंडावी नामक एक व्यक्ति को दुर्ग रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया था। पदाधिकारी ने ननों और मंडावी पर नारायणपुर की तीन लड़कियों का जबरन धर्म परिवर्तन कराने और उनकी तस्करी करने का आरोप लगाया था। चंद्रवंशी ने संवाददाताओं को बताया, ''अभियोजन पक्ष ने अदालत में जमानत याचिकाओं का विरोध करते हुए कहा कि मामले की जांच अभी शुरुआती चरण में है। अदालत ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद कल (शनिवार) तक अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है।

# फर्जी बैंक गारंटी जारी करने के मामले में ईडी की छापेमारी



**जांच के दायरे में अनिल अंबानी की कंपनी**

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कारोबारी समूहों के लिए 'फर्जी' बैंक गारंटी जारी करने का रैकेट चलाने की आरोपी ओडिशा की एक कंपनी के खिलाफ शुक्रवार को छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। कंपनी पर रिलायंस ग्रुप की एक कंपनी के लिए भी इस तरह की 68 करोड़ रुपए की बैंक गारंटी जारी करने का आरोप है।

भुवनेश्वर में स्थित कंपनी 'बिस्वाल ट्रेडलिंक' और इसके निदेशकों को खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया गया था। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज ईडी का मामला, दिल्ली पुलिस आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की नवंबर, 2024 की प्राथमिकी से संबंधित है। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने शुक्रवार को कंपनी के भुवनेश्वर में स्थित तीन परिसरों और कोलकाता में स्थित एक 'सहयोगी' कंपनी के खिलाफ छापेमारी की। एजेंसी के सूत्रों ने आरोप लगाया कि कंपनी आठ प्रतिशत कमीशन पर ''फर्जी'' बैंक गारंटी जारी करने की गतिविधि में लिप्त थी। सूत्रों ने बताया कि 'रिलायंस एनयू बीईएसएस लिमिटेड' (रिलायंस पावर की सहायक कंपनी)/महाराष्ट्र एनर्जी जेनरेशन लिमिटेड की ओर से सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसईसीआई) को सौंपी गई 68.2 करोड़ रुपए की बैंक गारंटी 'फर्जी' पाई गई। कंपनी पहले महाराष्ट्र ऊर्जा उत्पादन लिमिटेड के नाम से जानी जाती थी। उन्होंने बताया कि ईडी ने पिछले सप्ताह मुंबई में अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस समूह की कंपनियों के खिलाफ छापेमारी के दौरान इस लेनदेन से संबंधित कुछ दस्तावेज जब्त किए थे।


सूत्रों ने बताया कि कई कंपनियों के साथ संदिग्ध वित्तीय लेनदेन का पता चला है और इसकी जांच की जा रही है। रिलायंस समूह के एक प्रवक्ता ने कहा कि रिलायंस पावर इस मामले में धोखाधड़ी और जालसाजी की साजिश का शिकार रही है और उसने 7 नवंबर, 2024 को विभिन्न स्टॉक एक्सचेंज में इस संबंध में उचित सूचनाएं दी थीं। प्रवक्ता ने कहा कि उन्होंने अक्टूबर, 2024 में दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा में तीसरे पक्ष (आरोपी कंपनी) के खिलाफ एक आपराधिक शिकायत दर्ज कराई थी और कानून की 'उचित प्रक्रिया' का पालन किया जाएगा। सूत्रों ने कहा कि कई कंपनियों के साथ इसी तरह के संदिग्ध वित्तीय लेनदेन का पता चला है और इसकी जांच की जा रही है। पता चला है कि ओडिशा स्थित कंपनी मूल ईमेल डोमेन की जगह दूसरे ईमेल डोमेन का उपयोग कर रही थी ताकि यह दिखावा किया जा सके कि यह संदेश देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा भेजा जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि फर्जी डोमेन का इस्तेमाल एसबीआई बनकर एसईसीआई को जाली' संचार भेजने के लिए किया गया था। पता चला है कि ईडी ने नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनआईएक्सआई) को पत्र लिखकर फर्जी ईमेल डोमेन के डोमेन पंजीकरण का विवरण मांगा है।

# नीट-यूजी 2025 : प्रश्नों में त्रुटि के दावे वाली याचिका पर विचार करने से इनकार

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें दावा किया गया था कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2025 में पूछे गए तीन प्रश्नों में ''गंभीर त्रुटियां'' थीं। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील को संबंधित उच्च न्यायालय का रुख करने का निर्देश दिया।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) देशभर के सरकारी और निजी मेडिकल संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए नीट-यूजी का आयोजन करती है। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी, ''ये (तीन) प्रश्न बिल्कुल गलत थे। मैंने दो विशेषज्ञों की राय ली है, जिन्होंने मेरी बात से सहमति जताई है। उन्होंने मेरी बात को प्रमाणित किया है।'' वकील ने दावा किया कि ये तीन प्रश्न याचिकाकर्ता के लिए 13 अंकों का अंतर पैदा कर रहे थे। पीठ ने कहा कि परीक्षा पहले ही समाप्त हो चुकी है। उसने कहा, ''आप इसे (याचिका को) वापस लें और उच्च न्यायालय जाएं।

# संस्कृत को संचार का माध्यम बनाने की जरूरत : भागवत



**कहा, सभी को इस प्राचीन भाषा को जानना चाहिए**

**नागपुर (भाषा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि संस्कृत सभी भारतीय भाषाओं की जननी है और इसे संचार का माध्यम बनाने तथा घर-घर तक पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने संस्कृत के संरक्षण और प्रचार-प्रसार की वकालत की और कहा कि यह ऐसी भाषा है जो 'हमारी भावनाओं (भाव) को विकसित' करती है। उन्होंने कहा कि सभी को इस प्राचीन भाषा को जानना चाहिए।

नागपुर में कवि कुलगुरु कालीदास संस्कृत विश्वविद्यालय में एक भवन के उद्घाटन समारोह में भागवत ने कहा कि संस्कृत को समझने और उसमें संवाद करने की क्षमता रखने में अंतर होता है। उन्होंने कहा कि संस्कृत विश्वविद्यालय को सरकारी संरक्षण मिलेगा, लेकिन जनता का संरक्षण मिलना भी जरूरी है। भागवत ने कहा कि संस्कृत भारत की सभी भाषाओं की जननी है और इसे आगे बढाने के लिए लोगों को अपने दैनिक जीवन में इसका इस्तेमाल करना चाहिए। आरएसएस प्रमुख ने कहा, हमें अपने दैनिक संवाद में इस भाषा को बोलना सीखना होगा। यह दैनिक संवाद की भाषा बननी चाहिए। मैंने यह भाषा सीखी है, लेकिन मैं इसे धाराप्रवाह नहीं बोल पाता।

संस्कृत को हर घर तक पहुंचाने की जरूरत है और इस भाषा में संवाद जरूरी है। भागवत ने कहा कि 'आत्मनिर्भर' बनने और 'स्वबल' प्रदर्शित करने की आवश्यकता पर सभी एकमत है, जिसके लिए ''हमें अपनी बुद्धि और ज्ञान का विकास करना होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत की ताकत उसका 'स्वत्व' है यानी कि आत्मनिर्भरता द्वारा स्वामित्व की भावना। उन्होंने कहा, स्वत्व कोई भौतिक चीज़ नहीं, बल्कि व्यक्तिगत है और यह भाषा के माध्यम से अभिव्यक्त होती है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि संस्कृत को जानना, देश को समझने के समान है। भागवत ने विश्वविद्यालय में अभिनव भारती अंतरराष्ट्रीय अकादमिक भवन का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि पश्चिमी समाज जहां 'वैश्विक बाजार' की बात करते है, वहीं 'हम वैश्विक परिवार' की बात करते है, जिसकी विशेषता 'वसुधैव कुटुम्बकम' (विश्व एक परिवार है) की अवधारणा है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी लोगों ने 'वैश्विक बाजार' का विचार विकसित किया था जो अब 'विफल' हो चुका है। भागवत ने जी20 की अध्यक्षता के दौरान 2023 में भारत द्वारा जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने के बारे में बात की और बताया कि इसका विषय 'वसुधैव कुटुम्बकम' था।

# राजनीतिक दलों को पॉश अधिनियम के तहत लाने की याचिका पर विचार करने से इनकार

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उस जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें प्रमुख राजनीतिक दलों को 2013 के पॉश अधिनियम के दायरे में लाने का अनुरोध किया गया था। इस अधिनियम का उद्देश्य कार्यस्थलों पर महिलाओं को यौन उत्पीड़न से बचाना है।

न्यायालय ने कहा कि इस मामले पर निर्णय संसद को करना है। कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 में अस्तित्व में आया, जिसका उद्देश्य कार्यस्थलों पर महिलाओं को यौन उत्पीड़न से बचाना तथा सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करना है। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ योगमाया एम जी द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें प्रमुख राजनीतिक दलों को पॉश अधिनियम के दायरे में लाने का अनुरोध किया गया था। सुनवाई की शुरुआत में, याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा गुप्ता ने पॉश अधिनियम के तहत राजनीतिक दलों को ''नियोक्ता'' मानने का निर्देश देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इसके लिए उन्हें यौन उत्पीड़न के आरोपों से निपटने के लिए आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) का गठन करना होगा। प्रधान न्यायाधीश ने पूछा, ''यह संसद के अधिकार क्षेत्र का मामला है।

# सुप्रीम कोर्ट ने थरूर के खिलाफ मानहानि की कार्यवाही पर रोक बढ़ाई



**पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ टिप्पणी का मामला**

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कथित शिवलिंग पर बिच्छू वाली टिप्पणी के लिए कांग्रेस सांसद शशि थरूर के खिलाफ दायर मानहानि के मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर लगी रोक शुक्रवार को बढ़ा दी। न्यायालय ने रोक बढ़ाते हुए शिकायतकर्ता के वकील से यह भी कहा कि इतना भावुक क्यों हो रहे हैं। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने थरूर के वकील के अनुरोध पर मामले की सुनवाई स्थगित करने के बाद यह आदेश पारित किया।

मामले में शिकायतकर्ता व भाजपा नेता राजीव बब्बर की ओर से पेश हुए वकील ने मुख्य कार्यवाही दिवस पर सुनवाई की मांग की। पीठ ने मामले की सुनवाई 15 सितंबर के लिए निर्धारित करते हुए कहा, क्या विशेष कार्यवाही दिवस? आप इस सब को लेकर इतने भावुक क्यों हैं? चलिए, इसे बंद कर देते है। थरूर ने दिल्ली उच्च न्यायालय के 29 अगस्त, 2024 के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया। उच्च न्यायालय ने उनके खिलाफ मानहानि की कार्यवाही को रद्द करने से इनकार करते हुए उन्हें 10 सितंबर को निचली अदालत में पेश होने को कहा था। थरूर के वकील ने पहले तर्क दिया था कि न तो शिकायतकर्ता और न ही राजनीतिक दल के सदस्यों को पीड़ित पक्ष कहा जा सकता है।

# तेलंगाना भेड़ घोटाला : ईडी ने 200 'म्यूल' खातों का पता लगाया

**अवैध सट्टेबाजी ऐप से जुड़े हुए थे म्यूल खाते**

**नई दिल्ली/हैदराबाद (एसएनबी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने तेलंगाना में पिछली बीआरएस सरकार के दौरान हुए करोड़ों रुपए के कथित भेड़ पालन और वितरण घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में छापेमारी के बाद 200 से अधिक 'म्यूल' बैंक खातों से संबंधित पासबुक, डेबिट कार्ड और चेक बुक जब्त कर ली है। 'म्यूल' बैंक खाते ऐसे बैंक खाते होते है, जिनका इस्तेमाल अपराधी खाताधारक की जानकारी के बिना या कभी-कभी उसकी मिलीभगत से अवैध धन लेन-देन या धनशोधन के लिए करते है। ईडी के मुताबिक, जिन बैंक खातों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, वे एक अवैध सट्टेबाजी ऐप से जुड़े हुए है।

जांच एजेंसी ने दावा किया कि उसने ऐसी सामग्री भी बरामद की है, जिससे संकेत मिलता है कि कुछ सरकारी अधिकारियों और अन्य लोगों को ''रिश्वत'' दी जा रही थी। यह जांच दिसंबर 2023 में तेलंगाना पुलिस के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की ओर से दर्ज प्राथमिकी पर आधारित है। एसीबी ने फरवरी 2024 में चार सरकारी अधिकारियों को गिरफ्तार किया था। तेलंगाना की पूर्ववर्ती भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सरकार ने अप्रैल 2017 में राज्य में भेड़ पालन विकास योजना (एसआरडीएस) पेश की थी, जिसका मकसद चरवाहा परिवारों को स्थायी आजीविका प्रदान करना और उनकी आय बढाना था। ईडी ने 30 जुलाई को हैदराबाद में कथित घोटाले के लाभार्थियों और इसमें शामिल बिचौलियों से जुड़े लगभग आठ ठिकानों पर तलाशी ली थी, जिसमें बीआरएस सरकार में पशुपालन और मत्स्य पालन मंत्री रहे तलसानी श्रीनिवास यादव के विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) जी कल्याण का परिसर भी शामिल था। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज मामले के तहत की गई थी।

एसीबी की प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि 2023 में राज्य में नयी सरकार के गठन के बाद, ओएसडी कल्याण ने विभाग के कार्यालय में अवैध रूप से घुसकर कुछ रिकॉर्ड हटा दिए थे। ईडी के अनुसार, एक भेड़ व्यापारी की ओर से एक अन्य प्राथमिकी दर्ज कराई गई, जिसमें आरोप लगाया गया कि विभाग के सहायक निदेशकों ने भेड़ इकाइयों को आपूर्ति के बदले में उन्हें (भेड़ व्यापारियों को) अदा किए जाने वाले 2.1 करोड़ रुपए हड़प लिए। केंद्रीय एजेंसी ने कहा कि उसकी जांच में पाया गया कि एसआरडीएस के तहत लाभार्थियों के लिए भेड़ों की आपूर्ति के बदले कई व्यक्तियों/संस्थाओं के बैंक खातों में ''पर्याप्त'' धनराशि स्थानांतरित की गई थी। उसने कहा कि एसआरडीएस के शुरू होने से पहले ये लाभार्थी भेड़ों की बिक्री या आपूर्ति के व्यवसाय में शामिल नहीं थे और संबंधित धनराशि के प्राप्तकर्ताओं ने कभी भी इस श्रेणी के पशुधन की बिक्री या खरीद नहीं की थी।

ईडी के मुताबिक, जांच से पता चला कि सरकारी धन को ''अवैध रूप से'' फर्जी विक्रेताओं के बैंक खातों में स्थानांतरित किया गया था। एजेंसी के अनुसार, मार्च-2021 को समाप्त अवधि के लिए नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कैग) की ऑडिट रिपोर्ट में एसआरडीएस योजना के कार्यान्वयन में कई अनियमितताएं पाई गईं, जिनमें लाभार्थीवार विवरण न दर्ज किया जाना, परिवहन लागत सहित अन्य भुगतान का अनुचित रिकॉर्ड, फर्जी वाहन/यात्री वाहन/गैर-परिवहन वाहन पंजीकरण संख्या वाले वाहनों के लिए भुगतान, भेड़ इकाइयों को डुप्लिकेट टैग का आवंटन और मृत/अस्तित्वहीन व्यक्तियों को भेड़ इकाइयों का आवंटन आदि शामिल है। ईडी ने कहा कि कैग की ऑडिट रिपोर्ट केवल सात जिलों (तेलंगाना के 33 में से) तक सीमित है।

# इस्राइल ने यूएई से राजनयिकों की आंशिक निकासी का दिया आदेश

**तेल अवीव (वार्ता)।** इस्राइल के विदेश मंत्रालय ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से अधिकांश राजनयिक कर्मचारियों और उनके परिवारों को निकालने का आदेश दिया है। यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एनएससी) के खाड़ी में रहने वाले इस्राइल के लिए यात्रा चेतावनी के बाद लिया गया है। समचार पोर्टल वाईनेट ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस्राइली एनएससी की ओर से यूएई की यात्रा के खिलाफ प्रकाशित एक चेतावनी के बाद आंशिक निकासी का यह आदेश सामने आया है।

एनएससी ने खुफिया जानकारी का हवाले से कहा कि ईरान, हमास, हिजबुल्लाह और वैश्विक जेहादी गुटों समेत आतंकवादी समूहों ने यूएई में इस्राइलीऔर यहूदी लोगों को निशाना बनाने की कोशिशें तेज कर दी हैं। इसके अलावा इस्राइल राजदूत की एक हरकतको लेकर दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। यूएई ने राजदूत को लेकर तेल अवीव से नाराजगी जताते हुए वापस बुलाने की मांग की थी। इस्राइली एनएससी ने कहा, हम इस यात्रा चेतावनी पर जोर दे रहे हैं क्योंकि हमें पता है कि आतंकवादी संगठन (ईरानी, हमास, हिज़्बुल्लाह और ग्लोबल जिहाद) नुकसान पहुंचाने की अपनी कोशिशें बढ़ा रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### वेदांता को 5000 करोड़ का मुनाफा

**मुंबई।** वेदांता लिमिटेड ने 30 जून 2025 को समाप्त पहली तिमाही के लिए अपने अनऑडिटेड कंसोलिडेटेड रिज़ल्ट्स की घोषणा की। वेदांता ने मजबूत वित्तीय प्रदर्शन किया, जहां शुद्ध लाभ साल-दर-साल 13 प्रतिशत बढ़कर 5,000 करोड़ रहा। कंपनी ने 10,746 करोड़ का अब तक का सर्वोच्च पहली तिमाही का ईबीआईटीडीए दर्ज किया, जो वार्षिक आधार पर 5 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। वेदांता का ईबीआईटीडीए मार्जिन 81 बीपीएस बढ़कर सालाना आधार पर 35 प्रतिशत हो गया, जो पिछली 13 तिमाहियों में सबसे अधिक है। नतीजों पर वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा, 'हमारे पहली तिमाही के प्रदर्शन ने आने वाले वर्ष के लिए एक मजबूत नींव रखी है।

### टीवीएस क्रेडिट का लाभ बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों में से एक, टीवीएस क्रेडिट सर्विसेज लिमिटेड ने 30 जून 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अपने अन-ऑडिटेड वित्तीय परिणाम जारी किए है। कंपनी ने इस तिमाही में आय के रूप में कुल 1,697 करोड़ का आंकड़ा दर्ज किया है, जो पिछले साल की इसी तिमाही की तुलना में 6 प्रतिशत अधिक है। कंपनी का कर के बाद शुद्ध लाभ 181 करोड़ रहा, जो वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही के मुकाबले 29 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में, टीवीएस क्रेडिट ने कंज्यूमर फाइनेंसिंग में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की। साथ ही, कंपनी ने सभी उत्पाद श्रेणियों में जोखिम को ध्यान में रखते हुए संतुलित विकास पर ध्यान केंद्रित किया।

### मोटो जी86 पॉवर लांच

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख एआई स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला ने आज मोटो जी86 पॉवर लॉन्च किया। कंपनी के एमडी टी.एम. नरसिम्हन ने यह जानकारी दी। इसमें 6.67 इंच 1.5के पोलेड सुपर एचडी फ्लैट डिस्प्ले है। इसमें 120हर्ट्ज रिफ्रेश रेट और गोरिल्ला ग्लास 7आई प्रोटेक्शन भी है। फोन में मोटो एआई के साथ सेगमेंट का अग्रणी 50एमपी ओआईएस सोनी एलवाईटीआईए 600 कैमरा आता है और सभी लेंस से 4के वीडियो रिकॉर्डिंग करता है। 6720एमएएच की बड़ी बैटरी के साथ यह 2 दिन से ज्यादा चलती है। यह 8जीबी रैम प्लस 128जीबी स्टोरेज के वैरिएंट में आता है और इसकी कीमत सिर्फ 16,999 रुपये है।

### क्रेडिफिन गुजरात पहुंची

**नई दिल्ली।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी क्रेडिफिन लिमिटेड ने बुधवार को गुजरात में अपने संचालन की शुरुआत की घोषणा की है। इसके साथ ही कंपनी का परिचालन अब देश के 14 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में होने लगा है। क्रेडिफिन लिमिटेड मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया में सूचीबद्ध है और 1998 से भारतीय रिज़र्व बैंक में पंजीकृत है। कंपनी ने बयान में बताया कि अगस्त, 2025 से वह गुजरात के पांच प्रमुख शहरों- अहमदाबाद, गांधीनगर, राजकोट, सूरत और वडोदरा में अपने संचालन की शुरुआत करेगी। कंपनी यहां ई-रिक्शा, ई-लोडर और इलेक्ट्रिक दोपहिया के लिए इलेक्ट्रिक वाहन ऋण खंड की पेशकश करेगी। क्रेडिफिन लिमिटेड के सीईओ शल्य गुप्ता ने यह जानकारी दी।

### पीएनबी हाउसिंग के एमडी का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं सीईओ गिरीश कौसगी ने अपने इस्तीफे की घोषणा की है। वह 28 अक्टूबर 2025 से अपने पद से हट जाएंगे। निदेशक मंडल ने उनके इस्तीफे को स्वीकार करते हुए कहा कि कौसगी 28 अक्टूबर 2025 से कंपनी की अनुषंगी कंपनियों पीएचएफएल होम लोन्स एंड सर्विसेज लिमिटेड और पीईएचईएल फाउंडेशन के निदेशक मंडल में निदेशक नहीं रहेंगे। पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस ने शेयर बाजार को शुक्रवार को दी सूचना में कहा कि कंपनी इस बात की पुष्टि करती है कि वह अपनी रणनीतिक व व्यवसायिक प्राथमिकताओं और वृद्धि को लेकर प्रतिबद्ध है..जिसकी नींव रखने में कौसगी ने मदद की।

### टाटा पावर को 1262 करोड़ का लाभ

**नई दिल्ली।** टाटा पावर का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में छह प्रतिशत से अधिक बढकर 1,262 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से नवीकरणीय ऊर्जा के साथ-साथ पारेषण और वितरण कारोबार से प्राप्त राजस्व में वृद्धि के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 1,189 करोड़ रुपये रहा था। जून तिमाही के दौरान कंपनी की आय बढ़कर 17,464 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 16,810 करोड़ रुपये थी। *(एजेंसियां)*

# फिच ने भारत का वृद्धि अनुमान घटाकर 6.3 प्रतिशत किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** फिच रेटिंग्स ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अनुमान को घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया। साथ ही कहा कि भारतीय कंपनियों पर अमेरिकी उच्च शुल्क का सीमित प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ने की आशंका है। फिच ने अप्रैल में अपने वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था।

फिच ने शुक्रवार को जारी अपनी 'इंडिया कॉरपोरेट क्रेडिट ट्रेंड्स' रिपोर्ट में कहा, ''हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भारत की जीडीपी वृद्धि 6.3 प्रतिशत रहेगी। बुनियादी ढांचे पर मजबूत खर्च के चलते सीमेंट और निर्माण सामग्री, बिजली, पेट्रोलियम उत्पाद, इस्पात और इंजीनियरिंग एवं निर्माण (ईएंडसी) कंपनियों की अच्छी मांग को बल मिलेगा।''

फिच रेटिंग्स को उम्मीद है कि मार्च 2026 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष में उसकी रेटिंग वाली भारतीय कंपनियों के ऋण मानकों में सुधार होगा, क्योंकि व्यापक ईबीआईटीडीए (कर पूर्व आय) मार्जिन उनके उच्च पूंजीगत व्यय को संतुलित कर देगा।

अमेरिकी शुल्क के प्रभाव पर, फिच ने कहा कि उसे अपनी रेटिंग वाली भारतीय कंपनियों पर अमेरिकी उच्च शुल्क से ''सीमित प्रत्यक्ष प्रभाव'' की उम्मीद है, क्योंकि उनका अमेरिकी निर्यात जोखिम आम तौर पर कम से मध्यम है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि कुछ मामलों में अतिरिक्त आपूर्ति से दूसरे स्तर के जोखिम पैदा हो सकते हैं।

फिच ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भी अंतिम परिणाम को प्रभावित कर सकता है, और कंपनियां निर्यात में विविधता लाकर शुल्क के प्रभाव को कम करने की कोशिश कर सकती हैं।

# विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 698.1 अरब डॉलर

**मुंबई (भाषा)।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 25 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 2.703 अरब डॉलर बढ़कर 698.192 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 1.183 अरब डॉलर घटकर 695.489 अरब डॉलर रहा था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 25 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.316 अरब डॉलर बढकर 588.926 अरब डॉलर हो गया।

डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.206 करोड़ डॉलर बढकर 85.704 अरब डॉलर हो गया। केन्द्रीय बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार 12.6 अरब डॉलर बढकर 18.809 अरब डॉलर हो गया।

# विमान ईंधन हुआ तीन फीसद महंगा

**नई दिल्ली (भाषा)।**

**वाणिज्यिक सिलेंडर हुआ 33.50 रुपये सस्ता**

विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में शुक्रवार को तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई, जबकि वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत 33.50 रुपये कम कर दी गई। अंतरराष्ट्रीय मानक दरों में उतार-चढाव के अनुरूप यह कदम उठाया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र के खुदरा ईंधन विक्रेताओं के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी स्थित देश के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर जेट ईंधन (एटीएफ) की कीमत 2,677.88 रुपये प्रति किलोलीटर या 2.9 प्रतिशत बढकर 92,021.93 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है। यह बढ़ोतरी पिछले महीने 7.5 प्रतिशत (6,271.5 रुपये प्रति किलोलीटर) की भारी बढोतरी के बाद हुई है, जिससे एयरलाइंस की परिचालन लागत बढ गई थी। जुलाई में यह बढ़ोतरी अप्रैल से शुरू हुई तीन मासिक कटौतियों के बाद हुई थी। इन तीनों कटौतियों में कुल मिलाकर कीमतों में 12,239.17 रुपये प्रति किलोलीटर की कटौती हुई थी। इसके बाद की बढ़ोतरी (8,949.38 रुपये प्रति किलोलीटर) ने लगभग तीन-चौथाई कीमतों में कमी के लाभ को खत्म कर दिया है।

एटीएफ की कीमतों में यह वृद्धि वैश्विक तनाव और व्यापार युद्धों के बाद अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में आई तेजी के अनुरूप है। इस वृद्धि से वाणिज्यिक एयरलाइंस पर बोझ बढ़ेगा, जिनकी परिचालन लागत में ईंधन का हिस्सा लगभग 40 प्रतिशत होता है।

मूल्य वृद्धि के प्रभाव पर एयरलाइनों से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पायी है।

मुंबई में एटीएफ की कीमत 83,549.23 रुपये प्रति किलोलीटर से बढ़कर 86,077.14 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई, जबकि चेन्नई और कोलकाता में इसकी कीमत क्रमशः 95,512.26 रुपये और 95,164.90 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। वैट जैसे स्थानीय करों के प्रभाव के कारण, दरें अलग-अलग शहरों में अलग-अलग होती हैं। इसके साथ ही, तेल कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 33.50 रुपये की कटौती की है। राष्ट्रीय राजधानी में अब वाणिज्यिक रसोई गैस की कीमत 1,631.50 रुपये है। वाणिज्यिक रसोई गैस की कीमतों में यह लगातार पांचवीं कटौती है। पिछली बार एक जुलाई को 19 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमतों में 58.5 रुपये की कटौती की गई थी। इससे पहले, एक जून को कीमतों में 24 रुपये, एक मई को 14.50 रुपये और एक अप्रैल को 41 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई थी। कुल मिलाकर, अप्रैल से अब तक कीमतों में 171.5 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की जा चुकी है। जहां तेल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, वहीं गर्मियों के महीनों में कम मांग के कारण मानक एलपीजी की कीमतों में नरमी आई है। वैट सहित स्थानीय करों के प्रभाव के आधार पर, एटीएफ और एलपीजी की कीमतें अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग होती हैं।

# भारत से ज्यादा अमेरिकी जीडीपी पर पड़ेगा शुल्क बढ़ाने का असर

**नई दिल्ली (भाषा)।**




अमेरिका में भारतीय निर्यात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने का असर भारत की तुलना में अमेरिका पर कहीं ज्यादा पड़ेगा और उसके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में गिरावट आने के साथ डॉलर भी कमजोर हो सकता है। एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट में शुक्रवार को यह अनुमान जताया गया।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 30 जुलाई को घोषणा की थी कि भारत से आने वाली सभी वस्तुओं पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा। इसके अलावा रूस से कच्चे तेल और रक्षा उपकरणों की खरीद करने की वजह से भारतीय उत्पादों पर अलग से जुर्माना भी लगाया गया है। एसबीआई रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि यह अमेरिका की 'खराब व्यापार नीति' है, क्योंकि इससे अमेरिका की घरेलू मुद्रास्फीति और उपभोक्ता कीमतों पर ही नकारात्मक असर पड़ेगा, जबकि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की 'छिपी हुई ताकतें' खुद को समायोजित कर भारत को कुछ राहत देंगी। रिपोर्ट कहती है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था को भारत से ज्यादा झटका लग सकता है क्योंकि वहां जीडीपी में गिरावट, महंगाई में तेजी और डॉलर में कमजोरी के आसार दिख सकते हैं।

**एसबीआई रिसर्च का अनुमान है कि इन शुल्कों के कारण अमेरिकी उपभोक्ताओं को उठाना पड़ सकता है सालाना औसतन 2,400 डॉलर का अतिरिक्त बोझ**

एसबीआई रिसर्च का अनुमान है कि इन शुल्कों के कारण अमेरिकी उपभोक्ताओं को सालाना औसतन 2,400 डॉलर का अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ सकता है। वहीं, कम आयवर्ग के परिवारों पर यह असर अपेक्षाकृत तीन गुना हो सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत अपने निर्यात गंतव्यों में विविधता ला चुका है। हालांकि वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका 20 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारत का सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य बना रहा, लेकिन शीर्ष 10 साझेदार देशों का कुल हिस्सा 53 प्रतिशत ही है। इससे भारत को अमेरिका पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी।

भारत से अमेरिका को भेजे जाने वाले प्रमुख उत्पादों में इलेक्ट्रॉनिक्स, रत्न एवं आभूषण, दवाएं और मशीनरी शामिल हैं। इन उत्पादों पर पहले शून्य से लेकर 10.8 प्रतिशत तक शुल्क लगता था, जो ट्रंप की घोषणा के बाद 25 प्रतिशत हो जाएगा। एसबीआई रिसर्च ने कहा कि जेनेरिक सस्ती दवाओं के बाजार में भारत अमेरिका की लगभग 47 प्रतिशत मांग की पूर्ति करता है। यदि अमेरिका उत्पादन को घरेलू या अन्य देशों में स्थानांतरित करता है, तो इसके लिए तीन से लेकर पांच साल की जरूरत होगी। इससे अमेरिकी उपभोक्ताओं को दवाओं की किल्लत और मूल्य वृद्धि का सामना करना पड़ सकता है।

डॉयचे बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री (भारत एवं दक्षिण एशिया) कौशिक दास ने कहा कि बिजली मशीनरी कलपुर्जे, रत्न, दवाएं, वस्त्र और रसायन जैसे क्षेत्र इस शुल्क से सर्वाधिक प्रभावित होंगे।

### जुलाई में सकल जीएसटी संग्रह 1.96 लाख करोड़ रुपये

**नई दिल्ली (भाषा)।** सकल जीएसटी संग्रह जुलाई में 7.5 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.96 लाख करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से घरेलू राजस्व में वृद्धि के कारण जीएसटी संग्रह बढ़ा है। पिछले साल जुलाई में सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 1.82 लाख करोड़ रुपये था। जून में यह 1.84 लाख करोड़ रुपये था।

सकल घरेलू राजस्व 6.7 प्रतिशत बढकर 1.43 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात से कर प्राप्ति 9.5 प्रतिशत बढ़कर 52,712 करोड़ रुपये रही। जीएसटी रिफंड सालाना आधार पर 66.8 प्रतिशत बढकर 27,147 करोड़ रुपये हो गया। जुलाई, 2025 में शुद्ध जीएसटी राजस्व सालाना आधार पर 1.7 प्रतिशत बढकर 1.69 लाख करोड़ रुपये रहा। ईवाई इंडिया के सौरभ अग्रवाल ने कहा कि कुछ वैश्विक दबावों के बावजूद, समग्र रुझान स्थिर उपभोग प्रतिरूप और अर्थव्यवस्था के निरंतर वृद्धि को बताता है।

# 'न्यूट्रिका बी हनी' लॉन्च

**नई दिल्ली (वि)।** बीएन ग्रुप की प्रमुख कंपनी बीएन होल्डिंग्स लिमिटेड के अंतर्गत आने वाला लाइफस्टाइल और वेलनेस ब्रांड न्यूट्रिका अब शहद की श्रेणी में भी प्रवेश कर चुका है। ब्रांड ने न्यूट्रिका बी हनी के रूप में एक नई रेंज लॉन्च की है, जिसमें ऊर्जा, फिटनेस और रोग प्रतिरोधक क्षमता जैसे उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए तीन खास वेरिएंट्स पेश किए गए है। यह शहद अब दिल्ली-एनसीआर और मुंबई के जनरल ट्रेड स्टोर्स पर उपलब्ध है। गौरतलब है कि 9,000 करोड़ रुपये के बीएन ग्रुप की स्थापना उद्योगपति अनुभव अग्रवाल ने की थी।

न्यूट्रिका बी हनी को तीन उद्देश्य-आधारित वेरिएंट्स में लॉन्च किया गया है, जो अलग-अलग स्वास्थ्य जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए है। प्रो-एनर्जी मल्टीफ्लोरा हनी को विविध फूलों के रस से तैयार किया गया है। यह प्राकृतिक रूप से एंटीऑक्सीडेंट्स और पोषक तत्वों से भरपूर है और दिनभर लगातार एनर्जी देने में मदद करता है। प्रो-फिटनेस लेमन इंफ्यूज्ड हनी में शहद की मिठास को नींबू की ताजगी के साथ मिलाया गया है, जिससे पाचन, मेटाबॉलिज्म और वज़न नियंत्रण में मदद मिलती है। वहीं, प्रो-इम्यूनिटी तुलसी इंफ्यूज्ड हनी तुलसी के औषधीय गुणों से युक्त है, जो प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने के साथ-साथ सामान्य खांसी और जुकाम में भी राहत देता है।

सभी वेरिएंट बिना किसी कृत्रिम प्रिज़रवेटिव और मिलावटी चीनी के बनाए गए है। इन्हें प्राकृतिक वनस्पतियों से समृद्ध क्षेत्रों से सावधानीपूर्वक संग्रहित किया गया है और हर बैच को शुद्धता व प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के लिए कड़े परीक्षणों से गुजारा गया है। न्यूट्रिका के एफएमसीजी बिजनेस हेड और डायरेक्टर स्पर्श साचर ने यह जानकारी दी।

# भारत का ईंधन निर्यात ट्रंप के शुल्क दायरे से बाहर

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत से अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले डीजल और विमान ईंधन जैसे पेट्रोलियम उत्पादों को आयात शुल्क से छूट दी गई है। साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अभी यह संकेत नहीं दिया है कि रूस के साथ भारत के ऊर्जा व्यापार को रोकने के लिए वह कौन सा जुर्माना लगाने की योजना बना रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को मौजूदा व्यापार बाधाओं पर चिंता जताते हुए भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की थी। उन्होंने साथ ही कहा कि रूस के साथ ऊर्जा और रक्षा संबंधों के कारण भारत पर अतिरिक्त जुर्माना लगाया जाएगा।

बाद में उन्होंने जिस सरकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, वह केवल अमेरिका आने वाले भारतीय सामानों पर 25 प्रतिशत शुल्क लागू करता है। इसमें ऐसे उत्पादों की भी सूची है, जिस पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। इनमें तैयार दवा उत्पाद (टैबलेट, इंजेक्शन और सिरप), औषधि निर्माण में उपयोग होने वाला कच्चा माल, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईसीटी सामान (सेमीकंडक्टर, स्मार्टफोन, एसएसडी और कंप्यूटर) और पेट्रोलियम उत्पाद (कच्चा तेल, एलएनजी, परिष्कृत ईंधन, बिजली और कोयला) शामिल हैं। कार्यकारी आदेश में रूसी व्यापार के लिए लगाए जाने वाले किसी भी जुर्माने का भी संकेत नहीं है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका को 48.6 लाख टन पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात किया था, जिसकी कीमत चार अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक थी। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड अमेरिका को ईंधन का सबसे बड़ा निर्यातक है। विश्लेषकों ने कहा कि ईंधन निर्यात छूट सूची में बने रहने से भारत और रिलायंस जैसी कंपनियों के लिए कारोबार सामान्य रूप से चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि अगर रूस से तेल आयात के लिए भारत पर कोई जुर्माना नहीं लगाया जाता है, तो यह राहत की बात होगी।

# कृत्रिम मेधा से धन, शक्ति का केंद्रीकरण होगा : निलेकणी

**मुंबई (भाषा)।**

सूचना प्रौद्योगिकी सेवा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी इन्फोसिस के सह-संस्थापक और गैर-कार्यकारी चेयरमैन नंदन निलेकणी ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) से धन और शक्ति का केंद्रीकरण कुछ लोगों के पास होगा। उन्होंने साथ ही मानव कल्याण के लिए नए जमाने की तकनीकों के बड़े पैमाने पर इस्तेमाल पर जोर दिया। निलेकणी ने कहा कि एआई का कुशल उपयोग अरब लोगों की स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा की समस्याओं का समाधान कर सकता है।

उन्होंने कहा कि वह एक आशावादी व्यक्ति हैं, जो जीवन की वास्तविक समस्याओं से निपटने में तकनीक के सकारात्मक पक्ष को देखना चाहते हैं। निलेकणि ने बृहस्पतिवार देर शाम एशिया सोसाइटी के एक कार्यक्रम में कहा, ''एआई के साथ धन और शक्ति का केंद्रीकरण होगा... हम इससे लड़ नहीं सकते। इसमें शामिल ताकतें हम सभी से कहीं बड़ी हैं।

इन्फोसिस के सह-संस्थापक को आधार परियोजना और एकीकृत भुगतान इंटरफेस के जरिये एक अरब से ज्यादा भारतीयों के लिए एक विशिष्ट पहचान बनाने का श्रेय दिया जाता है। निलेकणि ने कहा, 'भारत में एआई का बहुत अच्छा इस्तेमाल होगा... इस तरह कि यह लोगों के जीवन में सुधार लाए, उन्हें भाषाएं सीखने, बेहतर स्वास्थ्य सेवा और बेहतर शिक्षा हासिल करने में मदद करे।''पश्चिमी दुनिया और चीन एआई में आगे रहने के लिए अरबों डॉलर का निवेश कर रहे हैं, फिर भी निलेकणी ने सुझाव दिया कि भारत को फिलहाल इस महंगी दौड़ से बचना चाहिए।

# डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे चढ़कर 87.53 पर बंद

**मुंबई (भाषा)।**



कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और संभवतः आरबीआई के हस्तक्षेप के कारण शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे मजबूत होकर 87.53 (अस्थायी) पर बंद हुआ। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नए सिरे से शुल्क लगाने के कारण वैश्विक व्यापार परिदृश्य में व्यापक व्यवधान की चिंताओं के चलते रुपये पर दवाब बना हुआ है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारतीय निर्यात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने से जोखिम न लेने की भावना मजबूत हुई और रुपये के गिरने की आशंका बढ़ गई। ट्रंप ने बुधवार को भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क और रूस से सामान खरीदने पर अतिरिक्त जुर्माना लगाने का ऐलान किया था। शुल्क लागू करने की तारीख एक अगस्त थी, लेकिन इसे बढाकर सात अगस्त कर दिया गया।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.60 पर खुला। कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपया ने 87.20 के ऊपरी स्तर को छूआ। अंत में रुपया 12 पैसे बढकर 87.53 (अस्थायी) पर बंद हुआ था।

रुपया बृहस्पतिवार को अपने सर्वकालिक निम्नतम स्तर से 15 पैसे की बढत के साथ 87.65 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, ''अमेरिका से मिले-जुले और सकारात्मक आर्थिक आंकड़ों ने डॉलर को सहारा दिया। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और आरबीआई के रिकॉर्ड निम्न स्तर पर हस्तक्षेप की खबरों ने रुपये के शुरुआती नुकसान को कम कर दिया।'

इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति का आकलन करने वाला डॉलर सूचकांक 0.26 प्रतिशत बढकर 100.23 पर पहुंच गया। ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत 0.31 प्रतिशत गिरकर 71.48 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई। चौधरी ने कहा, ''हमारा अनुमान है कि रुपया कमजोर रहेगा।

घरेलू बाजार कमजोर रहा। व्यापार समझौते पर जारी अनिश्चितता के चलते बाजार की धारणा प्रभावित हुई। विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से रुपये पर और दबाव पड़ सकता है। डॉलर-रुपये का हाजिर भाव 87.15 से 88 के बीच रहने का अनुमान है।'

### एप्पल ने भारत सहित 24 से अधिक बाजारों में रिकॉर्ड राजस्व किया हासिल

**नई दिल्ली (भाषा)।** आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल ने अप्रैल-जून तिमाही में भारत सहित 24 से अधिक बाजारों में रिकॉर्ड राजस्व हासिल किया, जो बाजार की उम्मीदों से अधिक है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टिम कुक ने हालांकि शुल्क के कारण उत्पन्न स्थिति को लेकर चिंता जाहिर की और सितंबर तिमाही में शुल्क से करीब 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर का भार बढने का अनुमान लगाया है। कुक ने इस वर्ष के अंत में भारत और संयुक्त अरब अमीरात में नए बिक्री केंद्र खोलने की योजना की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि कंपनी ने हर भौगोलिक क्षेत्र में आईफोन की वृद्धि देखी है तथा भारत, पश्चिम एशिया, दक्षिण एशिया और ब्राजील सहित उभरते बाजारों में दोहरे अंकों में वृद्धि दर्ज की। कुक ने कहा, 'हमने दुनिया के अधिकतर बाजारों में वृद्धि में तेजी देखी है। हम इन पर नजर बनाए हुए हैं। इनमें चीन और कई उभरते बाजार शामिल हैं।

# स्कूल गवर्नेंस पर वेबिनार का आयोजन


**नई दिल्ली (एसएनबी)।** नॉन-प्रॉफ़िट थिंक टैंक और पब्लिक पॉलिसी के ज़रिए समाज में बदलाव लाने वाली प्रमुख संस्था सैंटर फ़ॉर सिविल सोसाइटी ने एक वेबिनार आयोजित किया। इस वेबिनार का उद्देश्य था भारत की स्कूल गवर्नेंस आर्किटेक्चर को समझना और यह जानना कि इसे नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी) 2020 की सोच डीसेंट्रलाइजेशन, फ़ंक्शनल क्लैरिटी और इंस्टिट्यूशनल ऑटोनॉमी के अनुसार कैसे बदला जा सकता है।

वेबिनार का संचालन डॉ. अमित चंद्रा, सीईओ, सैंटर फ़ॉर सिविल सोसाइटी ने किया। पैनिलस्ट्स में गुरचरण दास, पब्लिक इंटेलेक्चुअल और ऑथर, कपिल खुराना, सेंट्रल स्क्वायर फ़ाउंडेशन, प्रो. गीता गांधी किंगडन, यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन, डॉ. लीना चंद्रन वाडिया, यूनिवर्सिटी ऑफ़ ट्रांस-डिसिप्लिनरी हेल्थ साइंसेज़ एंड टेक्नॉलॉजी, प्रो. प्रणति पांडा, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन शामिल थे।

डॉ. चंद्रा ने सेशन में एनईपी के चैप्टर 8 पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि यह चैप्टर एजुकेशन गवर्नेंस की शैली और कार्य करने के तरीकों में बदलाव की ज़रूरत को दिखाता है। गुरचरण दास ने कहा कि गवर्नेंस को सिस्टम के लिए नहीं बच्चों के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने स्कूलिंग के नैतिक उद्देश्य, गवर्नेंस में स्वायत्तता और जवाबदेही की ज़रूरत और समानता बनाए रखते हुए सरकार की दखल को कम करने की बात कही।

डॉ. लीना वाडिया ने बताया कि स्कूल कॉम्प्लेक्सेस खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में संसाधन के वितरण की सुविधा देते है। उन्होंने स्कूल लीडर्स और क्लस्टर लेवल ऑटोनॉमी की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कॉम्प्लेक्स स्तर की स्वायत्तता को सुरक्षित रखना होगा। यह सिस्टम को सशक्त बनाने के लिए है, न कि नई नौकरशाही जोड़ने के लिए। प्रो. गीता गांधी किंगडन ने कहा कि भारत को सिर्फ़ नियम मानने वाली प्रणाली से हटकर प्रदर्शन आधारित अकाउंटेबिलिटी की ओर बढ़ना चाहिए। कपिल खुराना ने कहा कि राज्य स्तर के एजुकेशन एक्ट्स को एनईपी के मुताबिक़ बदलना बेहद ज़रूरी है। उन्होंने कहा 'असल सुधार राज्य के एजुकेशन रूल्स में होता है। एनईपी विज़न देती है लेकिन उसे लागू करना राज्यों का काम है।'

# अमेरिकी शुल्क से भारत के निर्यात पर पड़ सकता है गंभीर असर



**नई दिल्ली (भाषा)।** अमेरिका के भारत के सभी सामानों पर सात अगस्त से बिना किसी छूट के 25 प्रतिशत का शुल्क लगाने से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर बुरा असर पड़ सकता है। जीटीआरआई ने शुक्रवार को यह बात कही। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) द्वारा अमेरिका के कार्यकारी आदेश के विश्लेषण के अनुसार 25 प्रतिशत शुल्क दवा, मुख्य रसायन, ऊर्जा उत्पाद और इलेक्ट्रॉनिक जैसे क्षेत्रों पर लागू नहीं होगा।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने एक एक आदेश में विभिन्न देशों पर लगने वाली शुल्क दरों का ब्योरा दिया है। इसके तहत भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने की पुष्टि की गई है। 'जवाबी शुल्क दरों में अतिरिक्त संशोधन' शीर्षक वाले सरकारी आदेश में राष्ट्रपति ट्रंप ने करीब 70 देशों पर लगाए जाने वाली शुल्क दरों का ब्योरा दिया है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, ''अमेरिका ने भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात को बुरी तरह प्रभावित करने वाला कदम उठाते हुए भारत के अधिकतर सामानों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है। यह सात अगस्त 2025 से लागू होगा। भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों का एक महत्वपूर्ण अध्याय उथल-पुथल भरे दौर में प्रवेश कर गया है।'' आदेश में उल्लेख किया गया है कि एक बार देश अमेरिका के साथ समझौता कर लें तो शुल्क कम हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि 25 प्रतिशत शुल्क छूट प्राप्त श्रेणियों पर लागू नहीं होगा। इनमें तैयार दवाइयां, दवा सामग्री (एपीआई) व अन्य प्रमुख दवाओं के कच्चे माल, ऊर्जा उत्पाद जैसे कच्चा तेल, परिष्कृत ईंधन, प्राकृतिक गैस, कोयला व बिजली; महत्वपूर्ण खनिज; इलेक्ट्रॉनिक एवं अर्धचालकों की एक विस्तृत श्रृंखला जिसमें कंप्यूटर, टैबलेट, स्मार्टफोन, सॉलिड-स्टेट ड्राइव, फ्लैट पैनल डिस्प्ले और एकीकृत सर्किट शामिल हैं।

एक अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का वस्तु निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 के 86.5 अरब अमेरिकी डॉलर से 30 प्रतिशत घटकर वित्त वर्ष 2025-26 में 60.6 अरब अमेरिकी डॉलर रह सकता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं संपादक प्रहलाद तेली के लिए मुद्रक अनिल राठी द्वारा अनिल प्रिन्टर्स एण्ड ऑफसेट, 5/एफ-2, न्यू हाउसिंग बोर्ड, शास्त्रीनगर, भीलवाड़ा 311001 (राज.) से मुद्रित एवं ऑफिस 957 वार्ड नंबर 24 धाकड़ मोहल्ला, शाहपुरा, भीलवाड़ा 311404 (राज.) से प्रकाशित। मो. नं. 9115108888, ई-मेल : kismatbhilwara@gmail.com (सभी प्रसंगों का न्याय क्षेत्र भीलवाड़ा होगा)